वैशाख कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 293 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

21 अप्रैल 2025 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


आज का मौसम

40 अधिकतम

24 न्यूनतम



Page-7

## 1000 अंक चढ़ा सेंसेक्स

# तूफानी तेजी से खुला बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई छलांग

**मुंबई. एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार आज छुट्टी के बाद खुला तो निवेशकों को उत्साहित करने लगा। ताबड़तोड़ तेजी के बाद सोमवार को दोनों इंडेक्स ग्रीन जोन में ओपन हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 500 अंक उछलकर 78,903.09 के लेवल पर खुला और कुछ ही देर में 1000 अंक से ज्यादा चढ़ गया, तो वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी तेजी के साथ 23,949.15 के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार के दौरान बैंकिंग और आईटी स्टॉक में शानदार तेजी रही। शेयर मार्केट में कारोबार ओपन होने के साथ ही सेंसेक्स 1000 अंकों की तेजी लेकर 79,200 के लेवल के पार निकलकर कारोबार करता नजर आया। कुछ देर बाद 1000 अंक उछल गया। निफ्टी इंडेक्स भी सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर रफ्तार पकड़ता गया. निफ्टी ने भी कुछ देर के कारोबार के दौरान ही 24,004 का स्तर छू लिया। इससे पिछले कारोबारी दिन बीते सप्ताह के गुरुवार को भी दोनों इंडेक्स जोरदार तेजी के साथ क्लोज हुए थे।

## 8 नक्सलियों का एनकाउंटर

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। एनकाउंटर जिले के लुगु और झुमरा पहाड़ के बीच जंगली इलाके में हुई। झारखंड झ्लक अनुराग गुप्ता के मुताबिक, मुठभेड़ में एक करोड़ रुपए का इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक भी मारा गया। अब तक कुल 8 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। बाकी नक्सलियों की पहचान में जुटे हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट की भाजपा सांसद व बंगाल दंगा मामले में दो टूक

# हम पर हस्तक्षेप के आरोप लग रहे... केस कीजिए, अनुमति की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो**

कई मुद्दों व मोर्चों पर भाजपा के डिफेंडर माने जाने वाले सांसद निशिकांत दुबे के सुप्रीम कोर्ट पर दिए बयान से बवाल थमा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भी बंगाल संबंधी मामले की सुनवाई में कहा- हम पर कार्यपालिका में हस्तक्षेप के आरोप लग रहे हैं। इससे पहले आज दुबे के खिलाफ अवमानना कार्यवाही की मांग को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान वकील ने कहा, इस कोर्ट के बारे में और सीजेआई के खिलाफ बयान दिए गए हैं। इस पर जस्टिस बीआर गवई ने पूछा कि आप क्या चाहते हैं? तो वकील ने कहा, मैं अवमानना का केस दर्ज करवाना चाहता हूं। जस्टिस गवई ने दो टूक जवाब दिया और कहा, तो आप इसे दाखिल कीजिए, आपको हमारी अनुमति की जरूरत नहीं है, आपको अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेनी होगी। इससे पहले अधिवक्ता नरेंद्र मिश्रा की तरफ से सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट के जजों को पत्र लिखा गया था तथा निशिकांत के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई थी। उन्होंने कहा था कि ये बयान झूठे, लापरवाह और दुर्भावनापूर्ण हैं। इधर सुप्रीम कोर्ट ने आज हिंसा प्रभावित पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए भाजपा नेताओं के एक वर्ग द्वारा लगाए गए सीमा लांघने के आरोपों पर भी टिप्पणी की। शीर्ष अदालत को हाल में दो महत्वपूर्ण फैसलों की पृष्ठभूमि में भाजपा नेताओं की आलोचना का सामना करना पड़ा है। यह हैं- राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समयसीमा व वक्फ अधिनियम के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाना। लिहाजा बंगाल में राष्ट्रपति शासन और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अब जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा- आप चाहते हैं कि हम इसे लागू करने के लिए राष्ट्रपति को रिट जारी करें? वैसे भी, हम कार्यपालिका (क्षेत्र) में अतिक्रमण करने के आरोपों का सामना कर रहे हैं कोर्ट की यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जस्टिस बी.आर. गवई, जो अगले महीने मुख्य न्यायाधीश का पदभार संभालेंगे और संभवतः वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करेंगे।



## सिविल सर्विस डे : नवाचारों का संकलन हो: यादव

मुख्यमंत्री आज प्रशासन अकादमी में सिविल सर्विस डे कार्यक्रम में शामिल हुए और इस दौरान अफसरों को संबोधित करते हुए कहा कि - मुझे दो उदाहरण याद आते हैं। एक 22 सौ साल पहले का है। जब एक व्यक्ति के लिए कितनी मेहनत की चाणक्य ने। चंद्रगुप्त को ढूंढा। उन्होंने कहा, तुम राजा बन जाओ। महामंत्री मैं बनूंगा, चीफ सेक्रेटरी मैं बनूंगा। जिन्होंने सर्विस की मानसिकता से पूरा उपक्रम किया। सरदार पटेल ने क्या-क्या नहीं किया। उनके उदगार आज भी याद है। सिविल सर्वेंट को क्या करना चाहिए वो उन्होंने बताया था। मध्यप्रदेश के विकास में सबने अपना योगदान दिया। अभी मैंने जिन्हें पुरस्कार दिया तो देखा चेक बहुत बड़ा था। मैंने कहा है कि जिन्होंने जो नवाचार किए उनका संकलन कराना चाहिए। इसके बाद वे मंत्रालय में टेलीकॉम मैनुफैक्चरिंग जोन के संबंध में बैठक लेंगे,इसके बाद लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग की बैठक करेंगे।



## मप्र में ओबीसी आरक्षण पर सुनवाई

मप्र में ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के खिलाफ लगाई गई 52 ट्रांसफर पिटीशन पर आज सुप्रीम कोर्ट में दोपहर बाद सुनवाई हो रही है। याचिकाओं को एमपी हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर किया गया है। दरअसल कमलनाथ सरकार ने 2019 में ओबीसी वर्ग का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी कर दिया था। विधानसभा में इससे जु? विधेयक को पारित कर दिया था। इसके खिलाफ यूथ फॉर इक्वेलिटी संगठन हाईकोर्ट गया। 4 अगस्त 2023 को हाईकोर्ट ने सरकार के सर्कुलर पर रोक लगा दी। अंतरिम आदेश के तहत बाद में कई अन्य नियुक्तियों पर भी रोक लगा दी गई। हाईकोर्ट आदेश के भर्तियां न होने से सरकार और राज्य लोक सेवा आयोग दबाव में थे। साल 2022 में सामान्य प्रशासन विभाग ने 87.13 फॉर्मूला बनाया और MPPSC को इसके आधार पर रिजल्ट जारी करने का सुझाव दिया। कोर्ट ने भी इस फॉर्मूले को हरी झंडी दिखाई थी। इसमें वो 13% सीटें होल्ड की जो कमलनाथ सरकार ने ओबीसी को देने का ऐलान किया था।

## राहुल ने बोस्टन यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच उठाया महाराष्ट्र का मुद्दा

# चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या, समझौता कर चुका आयोग

**बोस्टन. एजेंसी**

नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अब अमेरिका के बोस्टन में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर सवाल उठाए। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पूरी तरह साफ है कि भारतीय चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। इस सिस्टम में कुछ गड़बड़ी है। राहुल दो दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। वे यहां रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा भी करेंगे, जहां वे फैकल्टी और छात्रों से बातचीत करेंगे। राहुल ने कहा- मैं कई बार कह चुका हूं कि महाराष्ट्र में जितने बालिग नहीं हैं, उससे ज्यादा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने हमें साढ़े पांच बजे वोटिंग का आंकड़ा बताया। इसके बाद 5-30 से शाम 7-30 के बीच 65 लाख वोटिंग हुई। उन्होंने कहा कि 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग नामुमकिन है। एक वोटर को वोट डालने में करीब तीन मिनट लगते हैं। अगर आप गणित लगाएंगे तो पता चलेगा कि रात 2 बजे तक वोटर्स की लाइन लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।



कांग्रेस सांसद ने कहा- हमने चुनाव की वीडियोग्राफी मांगी तो आयोग ने साफ मना कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने कानून भी बदल दिया, ताकि हम आगे वीडियो के बारे में सवाल न कर सकें।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने कुछ समय पहले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फर्जी तरीके से वोटर्स जोड़े जाने का आरोप लगाया था। फरवरी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल ने कहा था कि वोटर लिस्ट में नए मतदाता जोड़े गए, ताकि भाजपा की जीत हो सके। उन्होंने कहा था कि लोकसभा से पहले 32 लाख और विधानसभा चुनाव से पहले 39 लाख वोट जोड़े गए। 5 महीने के भीतर 7 लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं।

## मां-बेटी की हत्या दूर-दूर मिले शव

**नर्मदापुरम, एजेंसी**

नगर के व्यस्तम क्षेत्र मीनाक्षी चौक के नजदीक पीली खंती नामक स्थान पर मां-बेटी की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या से तनाव है। एक शव घर के आंगन में मिला तो वहीं दूसरा शव पड़ोसी के दरवाजे पर मिला। एसपी गुरकरन सिंह ने बताया कि महिला का नाम पूजा मौर्य, उनकी बेटी पल्लवी है। महिला और उनके परिवार का आपराधिक रिकॉर्ड है इसकी भी जांच की जा रही है। हत्या की वजह अभी सामने नहीं आई है। आशंका है कि पूजा अपनी बेटी के साथ जिस ऑटो चालक के घर में रहती थी उसने ही उसे मारा है। संदेह के आधार पर पुलिस ने ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया है।

# जेडी वेंस पहुंचे दिल्ली, तेवरों पर निगाहें शाम को डिनर देंगे मोदी

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली यात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस आज सपरिवार भारत पहुंच गये हैं। हवाईअड्डे पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनका स्वागत किया। खास बात यह है कि वेंस ने पिछले तीन महीने में पांच देशों की यात्राएं कीं, और हर बार कोई न कोई विवाद हुआ है, कहीं उन्होंने यूरोप को चेतावनी दी, तो कहीं जेलेंस्की से बहस कर बैठे। आज व पहली बार भारत पहुंचे हैं और उनके वही सख्त तेवर पर लोगों की निगाहे हैं। वे भारतीय मूल की पत्नी उषा वेंस और तीनों बच्चों- इवान, विवेक और मीराबेल के साथ 4 दिन भारत में रहेंगे। पालम एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति यहां से अक्षरधाम मंदिर जाएंगे। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को अमेरिकी उपराष्ट्रपति को डिनर देंगे। वेंस विदेश मंत्री एस जयशंकर,एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात करेंगे। वेंस का



भारत दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनियाभर में टैरिफ को लेकर बेहद तनाव है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ ने दुनियाभर में भूचाल मचा रखा है. ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है. लेकिन फिलहाल इसमें 90 दिन की छूट दी गई है.

# दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी आप, भाजपा का रास्ता साफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बीजेपी का मेयर चुने जाने का रास्ता साफ हो गया। प्रमुख विपक्षी दल आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में मेयर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। आप ने बीजेपी पर पार्टी को तोड़ने का आरोप लगाया है। वहीं, बीजेपी की तरफ से राजा इकबाल सिंह को पार्टी की तरफ से मेयर और जयभगवान यादिव को डिप्टी मेयर पद का उम्मीदवार घोषित किया है। दिल्ली में इस महीने के आखिरी में मेयर चुनाव है। हाल ही में दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मेयर चुनाव में भाग लेने वाले विधायकों के नामों की घोषणा भी कर दी थी। मेयर का चुनाव जितने के लिए इस समय बीजेपी के पास पूरा बहुमत है। निगम पार्षदों, सांसदों और विधायकों के वोटों को मिलाकर देखा जाए तो इस समय बीजेपी के 135 और आम आदमी पार्टी के 119 वोट बैठ रहे थे। एमसीडी में कांग्रेस पार्टी के भी 8 निगम पार्षद हैं।

## शादी से लौटते परिवार का वाहन खाई में गिरा 6 मौतें



**रायसेन।** आज सुबह यहां पुलिया से नीचे खाई में गिरी तूफान गाड़ी में सवार 6 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हैं। हादसे में तीन पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्ची की मौत हुई है। जानकारी के मुताबिक परिवार बिहार से शादी करके लौट रहा था। दुर्घटना में दूल्हा-दुल्हन घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यह हादसा सुल्तानपुर थाना इलाके में बम्होरी ढाबे के पास हुआ। माना जा रहा है कि ड्राइवर को अचानक नींद की झपकी आ गई और गाड़ी पुलिया से सीधे नीचे खाई में जा गिरी। मृतकों के नाम मोहनलाल कुरील, चंदा, नरेंद्र चोपड़ , सरिताखोलवाल , तस्वी व ड्राइवर सुनील हैं। घायलों में शामिल दीपक चोपड़ा दूल्हा है और संगीता दुल्हन है। दोनों परिवार बिहार के सुपौल जिले से शादी कर लौट रहे थे।

**मेट्रो एंकर**

## अब जापान ने अपनाया नया ट्रेंड, कई देश आगे आए

# 4 दिन का कामकाजी सप्ताह, उत्पादन बढ़ा, तनाव भी घटा!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत काफी दिनों से सप्ताह में सत्तर घंटे काम करने या न करने की बहस में उलझा है और कुछ देशों ने तीन दिन वीकेंड का आइडिया मूर्त रूप लेने लगा है। यह वर्क कल्चर में बदलाव का प्रतीक बन रहा है। दरअसल, कोविड महामारी के बाद चार दिन के वर्क वीक को लेकर काफी चर्चा होती रही है। कर्मचारियों की खुशी और उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए कई देश और कंपनियां इस ट्रेंड को अपना रहीं हैं। चार दिन का वर्क वीक ÷100-80-100÷ मॉडल को फॉलो करता है, जिसका मतलब है श्रमिकों को उनका 100 फीसद वेतन मिलना, 80 फीसद समय मिलना और उनका काम भी 100 फीसदी दक्षता के साथ होना। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस मॉडल का नेतृत्व 4 डे वीक ग्लोबल नामक एक ग्रुप कर रहा है। रूप ने 2023 के अंत में जर्मनी में एक बड़े कैंपेन के रूप में अपनी शुरुआत की थी। पहले ही स्पेन, पुर्तगाल और ब्रिटेन जैसी जगहों पर चार दिनों के वर्क वीक का सफल परीक्षण किया है। अब खुशहाल देशों में शुमार आइसलैंड, डेनमार्क और नीदरलैंड भी इस चार दिनों के वर्क वीक ट्रेंड को अपना रहे हैं। यह कैंपेन न केवल बर्नआउट को कम करता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार करता है, नौकरी से संतुष्टि बढ़ाता है और कई मामलों में, आउटपुट को भी बढ़ाता है। गौरतलब है कि आइसलैंड दुनिया के पहले देशों में था जहां चार दिन के वर्क वीक की टेस्टिंग की गई थी। यह 2015 और 2019 के बीच हुई थी। आइसलैंड ने सरकारी कर्मचारियों के




## इन्होंने अपनाया नया कल्चर

जापान की जनसंख्या तेजी से सिमट रही है और वहां लोग शादियां कम कर रहे हैं लिहाजा अप्रैल 2025 में जापान ने सरकारी कर्मचारियों के लिए चार दिन के वर्क वीक की शुरुआत की है ताकि जन्म दर में सुधार किया जा सके। जापान में एक नई फ्राइडेक्सेअर आशिक अवकाश नीति भी लाई गई है जिसके तहत कामकाजी माता-पिता अपने वर्क डे को दो घंटे कम कर सकते हैं। इसी तरह बेल्जियम में चार दिन के वर्क वीककल कानून तक पारित किया था तब ऐसा करने वाला यूरोप का पहला देश बन गया था। जर्मनी ने 2023-24 में चार दिवसीय वर्किंग वीक की टेस्टिंग शुरू की थी। टेस्टिंग में 41 कंपनियां शामिल थीं और इसके उत्साहजनक परिणाम सामने आए। अब लगभग 73% नए स्ट्रक्र को जारी रखने की योजना बना रहे हैं। जर्मनी में हमेशा कर्मचारियों को हफ्ते में महज 34 घंटे काम करना होता है जो कि दुनिया में सबसे कम है। काम के कम घंटे होने के बावजूद जर्मनी की कंपनियां काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।


वेतन में बिना कटौती किए उनके काम के घंटे 40 से घटाकर 35-36 घंटे प्रति सप्ताह कर दिए। 2022 तक, आधे से अधिक कार्यबल छोटे शेड्यूल में चला गया। सबसे बड़ी बात कि श्रमिकों के कल्याण में काफी सुधार हुआ और देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान नहीं हुआ।

# गर्मी: मप्र के 40 शहर 40 डिग्री पार

**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी का दौर तीखा हो रहा है तो कुछ राज्यों में आंधी पानी भी जारी है। महाराष्ट्र का चंद्रपुर जिला देश में सबसे गर्म है कल उसका अधिकतम तापमान 45 तक पहुंचता रहा। हालांकि राजस्थान में लगातार दूसरे दिन तापमान में गिरावट देखने को मिली, लेकिन आने वाले 2 दिन तक हीटवेव का अनुमान है। इधर मध्यप्रदेश के सीधी में पारा चढ़ रहा है कल भी यहां 44 के पार पहुंचा था। जबकि मप्र के 40 शहर ऐसे हैं जहां दिन का तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक चल रहा है। उधर, असम, मेघालय, मिजोरम अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने सोमवार को 23 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल समेत देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में भी आंधी-तूफान आने की आशंका है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है।



## सड़कें सुनसान...



**भोपाल.** गर्मी अब बेहाल करने लगी है। जेठ 13 मई से शुरू होगा पर गर्म हवा और लू चलने से 23 दिन पहले ही वैशाख जेठ की तरह तपने लगा है। दिन ही नहीं, रात में पारा कुलांचे भर रहा है। दोपहर के समय राजधानी की सड़कें सुनसान रहने लगी है।

# बाजार में अवैध कब्जे व ठेलों का बोलबाला

## ट्रैफिक कंट्रोल करने पार्किंग व्यवस्था जरूरी, 6 किमी एरिया में सिर्फ 1 सार्वजनिक शौचालय, कोलार रोड के बाजार बेजार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के सबसे बड़े उपनगर कोलार में यातायात व्यवस्थित नहीं होने और पार्किंग की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण पीक ऑवर्स में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे और शाम को 5 से 9 बजे के बीच वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां के व्यापारियों का कहना है कि मार्केट से कचरा कलेक्शन का काम सही तरीके से करना चाहिए। यहां पर ट्रैफिक कंट्रोल की समस्या का निराकरण करने पार्किंग की सुविधा मिलनी चाहिए। बताया जाता है कि कोलार रोड के करीब 6 किलोमीटर क्षेत्र में दुकानें और मुख्य बाजार हैं। लेकिन इस इलाके में मात्र एक ही शौचालय बीमाकुंज में है। इससे दुकानदारों, ग्राहकों सहित दुकानों में काम करने वाले लोगों को परेशानी का सामना हर रोज करना पड़ता है। कोलार रोड में जहां-तहां फुटकर ठेले और अवैध कब्जे करके दुकानें लगाई जाती है, जिससे बाजारों में स्थित दुकानों पर लोग पहुंच ही नहीं पाते हैं। हालात ये हैं कि कई-कई बार दुकानदारों की बोहनी तक नहीं होती है।



जानकारी के अनुसार कोलार रोड में अब हॉकर्स कॉर्नर और सब्जी मंडी बना दी गई है, तो मुख्य मार्ग में लगने वाले फुटकर ठेलों को शिट करना चाहिए। अव्यवस्था होने के कारण पूरे कोलार रोड में हर जगह ठेले-ही-ठेले लगे रहते हैं, इससे अकसर जाम लगता है। कोलार रोड में अभी व्यापारियों की सबसे बड़ी समस्या अन-कंट्रोल ट्रैफिक सिस्टम है। पीक ऑवर्स में हमेशा वाहनों की आवाजाही, रुक-रुक कर वाहनों का चलना, जाम और वाहनों को खड़ा करने की समस्या के कारण बाहर के लोग यहां पर रुकना ही नहीं चाहते।

वहीं दूसरी ओर कोलार रोड के सभी मुख्य चौराहा और तिराहे के अलावा जिन कॉलोनी का रास्ता सीधे सिक्सलेन सड़क में खुल रहा है, वहां पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाना चाहिए। स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए जाने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। कोलार रोड को फोरलेन से सिक्सलेन सड़क में तब्दील किया गया है। ऐसे में अब कोलार में मल्टीलेवल पार्किंग की जरुरत है। अभी कोलार पाइपलाइन की तरफ पार्किंग होती है, जो सड़क बनने के बाद खत्म हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि कोलार के सभी बाजारों में व्यवस्थित और बेहतर पार्किंग की व्यवस्था हो। यातायात पुलिस को व्यापारियों-ग्राहकों के वाहन नो-पार्किंग के कारण नहीं उठाने चाहिए। बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से सभी परेशान हो रहे हैं।

## पराली जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई, जुर्माना लगाया

**भोपाल.** खेतों में पराली जलाने वालों पर प्रशासन की सख्ती जारी है। राजस्व विभाग के अमले ने गत दिवस ही पांच किसानों पर पराली जलाने के मामले में जुर्माना लगाया। तीन किसानों पर 2500-2500 रुपए तो वहीं दो किसानों पर पांच पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम कोलार रविशंकर राय ने बताया कि शनिवार को अमले ने फील्ड में सक्रिय रहकर इन किसानों के खेतों में पराली जलाने के प्रकरण बनाए थे। आज इन किसानों के जमीनों की जानकारी जुटाई गई और इसके आधार पर ही जुर्माना राशि का निर्धारण किया गया। रविवार को हुई कार्रवाई में कोलार के बैरागढ़ चीचली निवासी विशाल पाटीदार और राम सिंह पर 5000-5000 हजार रुपए का तो राजलबाई और ओमप्रकाश पर 2500-2500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इनके अलावा अमरावद कला में भी 2500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## तिरुनेलवेली से भोपाल होकर दिल्ली की स्पेशल ट्रेन चलेगी

**भोपाल.** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 06161 तिरुनेलवेली-हजरत निजामुद्दीन ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (01 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यह ट्रेन भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशनों - इटारसी, भोपाल एवं बीना होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन 21 अप्रैल सोमवार रात 10-15 बजे तिरुनेलवेली स्टेशन से रवाना होगी। इसके बाद यह ट्रेन 23 अप्रैल को दोप. 1.10 बजे भोपाल पहुंचेगी। इसके पश्चात यह ट्रेन चौथे दिन, 24 अप्रैल की रात 2-00 बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी।

## एमपी नगर इलाके में सड़क पर बह रहा सीवेज का गंदा पानी

### पूरे मार्केट में फैल रही दुर्गंध से लोग परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर के एमपी नगर क्षेत्र में स्थित प्रेस कॉम्पलेक्स रोड के पास एक निजी बैंक तिराहे पर खुलेआम मेन रोड पर गंदा पानी बह रहा है। यह गंदा पानी बीते एक-दो दिनों से बह रहा है। सीवेज का गंदा पानी बहने से पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है। गंदा पानी बहने के कारण यहां से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मामले में शिकायत के बाद भी नगर निगम प्रशासन द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है।



स्थानीय रहवासियों और लोगों ने बताया कि कई बार यहां से आवाजाही करने में सड़क में बह रहा गंदा पानी जमा होने से वाहनों में यह पानी उछलता है, जिससे वाद-विवाद की स्थिति बनती है। नगर निगम प्रशासन को इस मामले में तुरंत एक्शन लेना चाहिए। बताया जा रहा है कि इस तिराहे से आए दिन नगर निगम सहित कई विभागों के अफसर और जनप्रतिनिधिगण आवाजाही करते हैं। इसके बाद भी इस समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है।

## नवयुवक सभा के सिद्धभाऊजी, सुशील और हीरो मनोनीत किए गए संरक्षक


### मुख्य सलाहकार बनाए गए पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षाविद विष्णु गेहानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सामाजिक संस्था नवयुवक सभा की कार्यसमिति गठित होने के बाद संरक्षक, मुख्य सलाहकार तय हो गए हैं। संत सिद्धभाऊ, मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी और समाजसेवी हीरो ज्ञानंचदानी को संरक्षक बनायाग गया है। पूर्व अध्यक्ष विष्णु गेहानी को मुख्य सलाहकार बनाने का फैसला लिया गया है। बता दें बीते दिनों नवयुवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, महेश दयरामानी उपाध्यक्ष, राजेश हिंगोरानी महासचिव, सुरेश राजपाल सचिव, दिनेश वाधवानी सयुंक्त सचिव, धर्मप्रकाश मोटवानी कोषाध्यक्ष, कन्हैयालाल को बनाया गया था। रामनानी आडीटर, ओमप्रकाश टहलियानी कमल प्रेमचंदानी, पुरूषोतम टिलवानी एवं मनोहर लालवानी को शिक्षा समिति का सदस्य मनोनीत किए गए थे। इसके अलावा कार्यकारिणी में









अजीत कुमार खत्री, बसंत चेलानी, एसी साधवानी, रमेश जनयानी, कन्हैयालाल लालवानी, हरदास पेसवानी, विनय दादलानी, नीरज वाधवानी, कमलेश बिजलानी, राजेन्द्र लालवानी, रमेश लेखवानी, अशोक आडवाणी, अशोक हिमथानी, चन्द्रकुमार संतानी व जितेन्द्र वरियानी को नया कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

**नवयुवक सभा के बारे में:** नव युवक सभा ने छह दशक पुरानी संस्था है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय कन्या कालेज, अनंदराम टी शहानी, किशनचंद टी शहान हायर सेकण्डरी स्कूलों के अलावा प्री-नर्सरी, नर्सरी एवं मिडिल स्कूलों का संचालन कर रही है। इसके अलावा संतनगर में दशहरा महोत्सव मनाती है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर चलित झांकी सजाती है।

**मेट्रो एंकर** | राजधानी में कई स्थानों पर खतरे के बीच लोग

# बिजली दुर्घटना का खुला आमंत्रण दे रहे लटकते तार और खुले पड़े डीपी बाक्स

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में बिजली की घोषित और अघोषित कटौती से शहरवासी परेशान तो हैं ही, अब दर्जनों स्थानों पर खुले प? बिजली के डीपी बॉक्स (ट्रांसफॉर्मर) और पोल पर लटकते तार हादसों का अंदेशा पैदा कर रहे हैं। आलम यह है कि रोज ही इनमे से किसी में आग लगने की घटना सामने आ रही है। बिजली कंपनी का दावा तो यह है कि शहर में 15हजार डीपी बाक्स हैं इनमें से चार पांच सौ डीपी बॉक्स ही खुले पड़े हैं। हालांकि यह संख्या इससे ज्यादा मानी जा रही है। बीते दिनों करंट फैलने से शाहजहांनाबाद में एक युवक की मौत हो गई थी। हालांकि बिजली कंपनी का दावा है कि वहां डीपी बॉक्स में छेड़छाड़ नहीं हुई, बल्कि लाइन में सीधे तार डालने की कोशिश में करंट फैला था। दूसरी तरफ पुराने शहर में पीरगेट के पास बिजली कंपनी के ऑफिस के पीछे डीपी खुली पड़ी है। यह इलाका घनी बसाहट वाला है और इससे दुर्घटना का खतरा



ज्यादा माना जा रहा है। लाल परेड मैदान के समीप पुलिस पेट्रोल पंप के बाहर बिजली के खंभे पर डीपी खुली पड़ी है। यहां रोज हजारों लोग पेट्रोल भरवाते हैं। यदि चिंगारी भडके तो पेट्रोल पंप भी तक खतरा फैल सकता है। वहीं लाल परेड ग्राउंड में भी बिजली के खंभे पर डीपी खुली पड़ी है। इसके अंदर जानवरों के जाने का भी डर बना रहता है। लिली टॉकीज के पास के इलाके में भी ट्रांसफॉर्मर खुले पड़े हैं। सुल्तानिया रोड पर बीच बाजार में कई ट्रांसफार्मर खुले हैं। जहांगीराबाद के बाजार वाले इलाके में जहां रोज हजारों लोगों का आना-जाना रहता है, वहां की डीपी भी खुली पड़ी है। जेल रोड के राज्य पशु चिकित्सालय के बाहर की डीपी खुली पड़ी है। बिजली कंपनी के अफसरों का कहना है कि दो महीने में खुले में डीपी बाक्स और बिजली के लटकते तारों को व्यवस्थित करने का काम पूरा हो जाएगा। हालांकि बताया जाता है कि अधिक बिजली चोरी वाले इलाकों में कुछ लोग इन डीपी बॉक्स के गेट या तो खोल लेते हैं या तोड़ देते हैं। वहीं बिजली कंपनी अमला मेंटेनेंस के बाद इन्हें खुला छोड़कर चला जाता है।कई जगहों पर पुराने बॉक्स खराब हो गए हैं, लेकिन इन्हें बदला नहीं गया है। उल्लेखनीय है कि बिजली कंपनी ने डीपी बॉक्स खुले पड़े होने की स्थिति में या तार लटके होने के मामले में शिकायत करने की व्यवस्था रखी है और 917552551222 पर लोग वॉट्सएप मैसेज से यह सूचना दे सकते हैं।

## बजरंग सेना समिति ने किया जसलोक स्कूल के पास अस्थायी प्याऊ स्थापित



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति के कार्यकर्ता जन्म दिन पर केक नहीं काटेंगे, सेवा कार्य करेंगे पूरा कर रहे हैं। रविवार को जसलोक स्कूल के पास अस्थाई प्याऊ की स्थापना समिति के सचिव बृज किशोर सेन ने अपने जन्म दिन पर की। पार्षद अशोक मारण ने प्याऊ का शुभारंभ किया। मारण ने कहा कि बजरंग सेना समिति का यह नेक कार्य है जो गर्मियों में प्याऊ खोलकर प्यासों को पानी उपलब्ध कराएगा। मारण ने सेन को जन्म दिन की बधाई भगवा पहनाकर दी। इस अवसर पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, बजरंग सेना समिति के मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, अर्चक पुरोहित, राज कुमार गर्ग, सलाहाकार प्रभु मूलचंदानी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, हनी देवानी, महासचिव गुरदास रामचंदानी, सचिव राजेश केवलानी, जगदीश सांवले, आत्माराम सूर्यवंशी, राजकुमार धानुक, नीरज मेहर, जीवन मेहर व अन्य मौजूद रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा, जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

# खेत तालाब बनाने में बालाघाट आगे

भोपाल. दोपहर मेट्रो। बालाघाट ने जिले के अंदर खेत तालाब बनाने में अच्छा काम किया है। अब तक 561 खेत तालाबों का निर्माण पूरा करा लिया है। अनूपपुर में 275 और अलीराजपुर में 216 खेत तालाब बनाए है। अमृत सरोवर निर्माण के लिए सिवनी जिले में सबसे अच्छा काम हुआ है। सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा शनिवार ली जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई। जिस पर सीएम ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए संबंधित जिलों के कलेक्टरों व वहां के अधिकारी, कर्मचारियों के प्रयासों को सराहा तो काम में पिछड़ने वाले जिलों के प्रमुखों को तेजी लाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि यह अभियान 30 मार्च से शुरू किया है, जो 30 जून तक चलेगा।



## सीएम की दो टूक– जल संकट की स्थिति न बने

सीएम ने समीक्षा में कहा कि किसी भी हालत में जिलों में पानी की कमी नहीं होने वाली चाहिए। गर्मी को ध्यान में रखते हुए निस्तार के लिए पानी का पर्याप्त प्रबंध होना चाहिए। इस पर विशेष ध्यान रखें। जहां गड़बड़ी मिले, वहां कार्रवाई करें। किसी भी स्थिति में पानी की किल्लत जैसी स्थिति न बनने दें। यदि ऐसे हालात बनने की आशंका हो तो पूर्व से तैयारी करें।

## सीएम की हिदायत

- महत्वपूर्ण जल संरचनाओं की सूची तैयार की जाए। पुरातत्व और पर्यटन महत्व की ऐसी धरोहर को सहेजने की दृष्टि से संरक्षण गतिविधियों से जोड़ा जाए।
- भोपाल के साथ ही जबलपुर, सागर, उज्जैन नगरों में अनेक प्राचीन बावड़ियां विद्यमान हैं, वहां स्वच्छता के कार्य संचालित किए जाएं।
- विद्यार्थियों को जलस्रोतों और जल संरक्षण के महत्व की जानकारी प्रार्थना सभाओं के अवसर पर दी जाए। शिक्षा विभाग संस्कृति विभाग के साथ मिलकर विभिन्न पर्व और त्योहारों पर पानी के महत्व पर निबंध और भाषण स्पर्धाएं आयोजित करे। गंगा दशहरा और आखातीज जैसे अवसरों पर ऐसे कार्यक्रम हो।

# मुख्यमंत्री यादव से मिलेंगे बाल वैज्ञानिक, 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा का फ्लैग ऑफ भी करेंगे

### मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने विज्ञान विषय में अध्ययनरत पूरे प्रदेश के कुल 375 छात्र-छात्राओं का चयन किया है



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिकों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को संवाद करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री निवास में शाम 7 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा पर जाने वाले भावी वैज्ञानिकों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विज्ञान मंथन यात्रा का फ्लैग ऑफ भी करेंगे। इस अवसर पर वैज्ञानिक संस्थानों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों उपस्थिति रहेंगे। चयनित विद्यार्थी 22 अप्रैल को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुबह वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दिल्ली पहुंचने पर प्रदेश के इन सभी भावी वैज्ञानिकों का भव्य स्वागत विज्ञान भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किया जायेगा, जिसमे विज्ञान जगत की अनेको प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति की सम्भावना है। बता दें कि मेपकास्ट द्वारा 16 वर्षो से मिशन एक्सीलेंस (उत्कृष्टता मिशन) का आयोजन किया जाता रहा है। प्रदेश के छात्रो में लोकप्रिय इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से चयनित बच्चो के दल को किताबी ज्ञान से अलग वास्तविक विज्ञान की दुनिया से रूबरू करवाया जाता है।

### 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा 21 से 27 अप्रैल तक

17वीं विज्ञान मंथन यात्रा 21 से 27 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। योजना में चयनित प्रतिभागियों को देश की प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं और समर्पित वैज्ञानिकों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। यात्रा के बाद परिषद् द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में सफल होने वाले प्रत्येक कक्षा के 20 चयनित विद्यार्थियों को 5 वर्षों तक 12 हजार रुपए प्रति वर्ष की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। यात्रा के लिए इस वर्ष कक्षा 10वीं से 12वीं विज्ञान विषय में अध्यनरत पूरे प्रदेश के कुल 375 छात्र-छात्राओ का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया में प्रदेश को 5 विभिन्न जोन (ईस्ट, वेस्ट, नार्थ, साउथ व सेंट्रल) में बांटकर प्रत्येक जोन से 75 प्रतिभागियों का चयन किया गया है।

### 375 विद्यार्थियों के साथ 33 शिक्षकों का भी हुआ चयन

परियोजना प्रभारी डॉ. विवेक कटारे के अनुसार इन प्रतिभागियों का चयन प्रदेश स्तर पर पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर किया गया है। उनके अनुसार कक्षा 10वी के 49 छात्राए तथा 76 छात्रो का चयन हुआ, जबकि कक्षा 11वी के 54 छात्राए तथा 71 छात्रो का चयन हुआ है।?इसी प्रकार कक्षा 12वी के 48 छात्राए तथा 77 छात्रो का चयन हुआ है। इन छात्र-छात्राओ के नियंत्रण व उपयोगी मार्गदर्शन के लिए प्रदेश के विज्ञान विषय के 33 शिक्षको का भी चयन किया गया है। विद्यार्थियों का एक ग्रुप चंडीगढ़ जायेगा और दूसरा ग्रुप दिल्ली स्थित संस्थानों का अवलोकन करेगा। चंडीगढ़ जानेवाले ग्रुप का नाम सीवी रमन ग्रुप होगा जबकि दिल्ली जानेवाले ग्रुप का नाम एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप रखा गया है।

# आरटीई: मई तक शुरू हो सकेंगे आरटीई के आवेदन

## विभाग फिलहाल स्कूलों का डाटा जुटाने में उलझा


### सत्र शुरू हुए 20 दिन बीते, पिछले साल जून में शुरू हो पाई थी प्रवेश की प्रक्रिया

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश की उम्मीद लिए बैठक बच्चों और उनके अभिभावकों को कुछ दिन और इंतजार करना प?ेगा। सत्र शुरू होने के 20 दिन बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग आवेदन की तारीख जारी नहीं कर सका है। बीते साल की तरह ही इस बार इस प्रक्रिया को शुरू होने में देरी होने की संभावना है। विभागीय सूत्रों की माने तो मई तक स्कूल शिक्षा विभाग आवेदन की प्रक्रिया को शुरू कर सकेगा, क्योंकि फिलहाल विभाग निजी स्कूलों की मान्यता और जानकारी जुटाने में उलझा हुआ है। ऐसे में इस माह आवेदन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकेगी।

### प्रदेश के करीब सवा दो लाख बच्चे

प्रदेश के करीब सवा दो लाख बच्चों को तारीख का आवेदन शुरू होने की तारीख जारी होने इंतजार है। वहीं अभिभावक इस चिंता में है कि प्रदेशभर के निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है, ऐसे में इस लेटलतीफी में बच्चों को भविष्य संकट में न पड़ जाए। उल्लेखनीय है कि बीते साल भी आरटीई को लेकर अभिभावकों और अन्य सामजिक





संगठनों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया था। जिसके बाद जून में आरटीई के बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो पाई थी।

### 26 अप्रैल देना होगा कार्यपूर्णता का प्रमाण पत्र

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा की 25 फीसदी आरक्षित सीटों पर सत्र 2025-26 के लिए निःशुल्क प्रवेश किए जाने हैं। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा हाल ही में इसको लेकर निजी स्कूलों तथा जिला परियोजना समन्वयकों के लिए नए आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें कहा गया है कि स्कूलों की पूर्ण जानकारी अपलोड करने और जांचने की बात कही गई है। सभी प्रकार की प्रक्रियाओं को पूरा कर निजी स्कूल, बीआरसी और जिला परियोजना समन्वयक स्तर से 26 अप्रैल तक कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र मांगा गया है। इसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा में पहले दिन 89 फीसदी रही उपस्थिति

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) की माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा रविवार से शुरू हुई। पहले दिन परीक्षा में 89 प्रतिशत उपस्थिति रही। यह परीक्षा अलग-अलग विषय के अनुसार 29 अप्रेल तक चलेगी। कुल 10 हजार 756 पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाले इस परीक्षा के लिए प्रदेश में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर सहित 13 शहरों में आयोजित की जा रही है।

# अब नूतन कॉलेज में इनक्यूबेशन सेंटर में फैशन डिजाइनिंग के साथ तकनीकी हुनर सीखेंगी छात्राएं

**भोपाल।** सरोजिनी नायडू कन्या महाविद्यालय (नूतन कॉलेज) में स्थापित इंक्यूबेशन सेंटर में छात्राओं को अब फैशन डिजाइनिंग के साथ-साथ तकनीकी कौशल और उद्यमिता का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस सेंटर का उद्देश्य है कि छात्राएं अपने सपनों को पहचानें, उन्हें आकार दें और आत्मनिर्भर बनें। फिलहाल यहां फैशन डिजाइनिंग के तहत रंग सिद्धांत, फैब्रिक सिलेक्शन, डिजाइन प्रिंसिपल्स, ड्राइंग, स्केचिंग और पैटर्न मेकिंग जैसे जरूरी विषयों की शिक्षा दी जा रही है। वर्तमान में करीब 40 छात्राएं यहां विभिन्न कोर्स कर रही हैं। दो साल पहले राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तहत इस सेंटर को 5 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ था। हालांकि, यह इन्क्यूबेशन सेंटर पहले से मौजूद था, लेकिन रूसा की सहायता से इसके संसाधनों को और बेहतर बनाया गया है। स्टार्टअप की सोच रखने वाली छात्राओं के लिए कॉलेज सेंटर बैंक अधिकारियों के साथ इंटरैक्शन सेशन भी आयोजित करता है, जहां उन्हें लोन योजनाओं और सरकारी मदद के बारे में जानकारी दी जाती है। इसके साथ ही कॉलेज की ऐसी पूर्व छात्राएं जिन्होंने अपने स्टार्टअप शुरू किए हैं, वे भी वर्तमान छात्राओं को प्रेरित कर रही हैं। बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा शिवि जैन ने हालही में अपना स्टार्टअप शुरू किया है। जहां तीन और लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। इनक्यूबेशन सेंटर का उद्देश्य प्रशिक्षण देना, उद्योग विशेषज्ञों के साथ संबंध बढ़ाना, और स्टार्टअप के लिए समर्थन प्रदान करना है। 40 छात्राओं के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है।

# श्रेष्ठ नागरिक बनकर बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि दें: श्रीवास्तव

### नवीन स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में समरसता पखवाड़ा के अंतर्गत हुआ व्याख्यान

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा राजधानी स्थित शासकीय नवीन स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में व्यख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वालित कर अमिताभ श्रीवस्ताव द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मप्र जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन विपरीत परिस्थितियों में साहस न खोकर संघर्ष करते हुए अपने आप को श्रेष्ठ मानव के रूप में विकसित करने का उच्चतम प्रमाण है डॉक्टर अंबेडकर ने अपने जीवन के अंतिम समय तक समाज मे समता लाने एवं समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने हेतु प्रयास किया। आज के समय यदि हम बाबा साहब के दिखाएं मार्ग पर चलना चाहते हैं तो हमें उनके द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना होगा एवं हम श्रेष्ठ नागरिक बनकर बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।




## संपादकीय

# कोचिंग संस्थानों की प्रवृत्ति पर उठते सवाल

अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये कोचिंग संस्थानों की भूमिका जिस तरह से हाल के कुछ दशक में बढी है वह चिंता भी पैदा करती है। आज स्थिति यह हो गई है कि शिक्षा जगत के दायरे में इसे कोचिंग उद्योग के नाम से जाना जाने लगा है और इसके संचालक भी खासे रसूखदार हो गये हैं। मगर इस क्रम में बनी निर्भरता के समांतर बहुत सारे कोचिंग संस्थान अपने यहां दाखिले के लिए जिस तरह के दावे करते हैं, अपनी उपलब्धियों, सुविधाओं और संसाधनों को इस कदर बढ़ा-चढ़ा कर पेश करते हैं कि कई विद्यार्थी इसके प्रभाव में वहां चले जाते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि किसी अन्य संस्थान में पढ़ाई किए सफल अभ्यर्थी को वे अपने यहां का बता दें। कोचिंग संस्थानों की इस प्रवृत्ति पर कई बार सवाल उठ चुके हैं, सरकार ने सख्ती बरतने की बात कही है, खुद सर्वोच्च न्यायालय भी कह चुका है कि कई कोचिंग संस्थान अभ्यर्थियों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। मगर अलग-अलग तरीके अपना कर झूठे दावे करने के चलन पर अब तक रोक नहीं लगाई जा सकी है। अब एक बार फिर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कोचिंग संस्थानों की ओर से परोसे जाने वाले भ्रम पर शिकंजा कसने के लिए कड़ी चेतावनी जारी की है। उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित इस निकाय ने उनके लिए पिछले वर्ष निर्धारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। इसके तहत कोचिंग संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके विज्ञापन 'सटीक, स्पष्ट हों और भ्रामक दावों से मुक्त' हों; विद्यार्थियों के दाखिले को लेकर बताई जाने वाली जानकारी में पूरी पारदर्शिता हो। यह छिपा नहीं है कि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने के मद्देनजर कोचिंग संस्थान जिस तरह की प्रचार सामग्री जारी करते हैं, उनका केंद्रीय भाव यही होता है कि उनके यहां पढ़ाई करने के बाद सफलता की गारंटी और चयन की संभावना 'सौ फीसद' होगी। हकीकत यह है कि कोचिंग संस्थानों और उसमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या बहुत बड़ी है और उसके मुकाबले नौकरी के लिए सीटें सीमित या बहुत कम संख्या में होती हैं। ऐसे में सबको 'सौ फीसद चयन' की गारंटी देना भ्रम परोसने से कम नहीं है। खास बात यह है कि अब आइआइटी-जेईई परीक्षा के नतीजों की तारीख नजदीक है। आमतौर पर इसी तरह की किसी बड़े महत्त्व की परीक्षा के नतीजों के बाद कई कोचिंग संस्थानों की ओर से ऐसे दावे किए जाते हैं कि उनके यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों ने कामयाबी हासिल की है। इस क्रम में वे कई बार दूसरे संस्थानों के विद्यार्थी का नाम भी फर्जी तरीके से इस्तेमाल करते हैं। इसका मकसद यही होता है कि इस तरह के प्रचार को देख कर नए विद्यार्थी उनके संस्थान में दाखिला लेने को लेकर प्रभावित होंगे और इस तरह उनके कारोबार का विस्तार होगा। जबकि इसके बरक्स हकीकत यह होती है कि बहुत सारे सफल अभ्यर्थियों का ऐसा दावा करने वाले संस्थानों से कोई वास्ता नहीं होता। कोचिंग संस्थानों को यह स्पष्ट करने की जरूरत महसूस नहीं होती कि सीमित अवसरों के दौर में सभी अभ्यर्थियों की शत-प्रतिशत सफलता की गारंटी वे किस आधार पर देते हैं। इस तरह के दावे एक तरह से झूठ का कारोबार होते हैं, जिसके जाल में फंस कर बहुत सारे विद्यार्थियों का सपना आमतौर पर अधूरा रह जाता है। देश के कोचिंग हब कहे जाने वाले राजस्थान के कोटा से लेकर दिल्ली तक कई ऐसे कोचिंग संस्थान हैं जो सिर्फ व्यवसायिक दृष्टिकोण को आगे रखते हैं। यह छात्रों और देश की नयी पीढी का सवाल है,सरकार को अत्यधिक सतर्कता रखनी चाहिये।

**शरीर जन्म लेता है और शरीर ही मरता है। आत्मा न तो जन्म लेती है और न ही कभी मरती है। आत्मा अजर, अमर और अविनाशी है।**

**- श्रीमद्भगवत गीता**

## आज का इतिहास

- 1526- पानीपत की लड़ाई में इब्राहीम लोदी को बाबर ने हराकर मार गिराया।
- 1948- कश्मीर संघर्ष के संबंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव-47 को अपनाया।
- 1977- मेजर जनरल जियाउर्रहमान बांग्लादेश के राष्ट्रपति नियुक्त।
- 2001- बांग्लादेश में भारतीय जवानों की नृशंस हत्या पर भारत ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।
- 2002- एलटीटीई से प्रतिबंध नहीं हटाने का संयुक्त राज्य अमेरिका का फैसला।
- 2003- भारत में अमेरिकी राजदूत राबर्ट ब्लैकविल ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- 2004 - बसरा में मिसाइल हमले में 68 लोगों की मृत्यु।
- 2006 - नेपाल नरेश ने चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंपने की घोषणा की।
- 2007 - ब्रायन लारा ने एक दिवसीय क्रिकेट से संन्यास लिया।
- 2008- भारत व ब्रिटेन की नौसेनाओं के बीच तीसरा साझा अभ्यास गोवा के निकट कोंकण में शुरू हुआ।
- 1891- जेम्स ब्रेड टेलर- भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रथम उप-गवर्नर और ओसबोर्न स्मिथ के बाद दूसरे गवर्नर का जन्म।
- 1944- एन. गोपालस्वामी- भारत के 15वें मुख्य चुनाव आयुक्त का जन्म।
- 1926- महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय- यूनाइटेड किंगडम और अन्य राष्ट्रमण्डल प्रजाभूमियों की महारानी का जन्म।
- 1895 - गबर सिंह नेगी- प्रथम विश्वयुद्ध में मरणोपरान्त 'विक्टोरिया क्रॉस' पाने वाले भारतीय सैनिक का जन्म।
- 1969- जोगेशचंद्र चटर्जी- काकोरी कांड के प्रसिद्ध क्रांतिकारी का निधन।
- 1938 - मोहम्मद इक़बाल- सुप्रसिद्ध कवि एवं शायर का निधन।
- 2013 - शकुन्तला देवी- प्रसिद्ध गणितज्ञ का निधन
- 2021 - शंख घोष- प्रसिद्ध बांग्ला कवि, आलोचक एवं शिक्षाविद का निधन।

## निशाना

### टिप्पणी का काल !



-कृष्णेन्द्र राय

**चल रहा है आजकल।**
**टिप्पणी का काल ।।**
**बोलना है कुछ भी।**
**अब हमको हर हाल ।।**
**ना भाती खामोशी।**
**करे भावना शोर ।।**
**हैं बैठे हम पद पर।**
**करे कोई गौर ।।**
**शब्दों और विचारों की।**
**है आई बहार ।।**
**करें प्राप्त कहीं भी।**
**यही समाचार ।।**
**होकर शामिल मुहिम में।**
**करें जरा उपकार ।।**
**टिप्णी हमारी ये।**
**क्यों जानी बेकार ?**

# नरेंद्र मोदी की गांधीवादी शिक्षा नीति के विरोधी लगा रहे अलगाववाद की आग

■ आलोक मेहता



शिक्षित समाज के लिए एक भाषा अवश्य होनी चाहिए। वह हिंदी ही हो सकती है। हिंदी द्वारा करोड़ों लोगों को साथ लेकर काम किया जा सकता है। इसलिए हिंदी को उचित स्थान मिलने में जितनी देरी हो रही है, उतना ही अधिक देश का नुकसान हो रहा है।

यह बात क्या देश में नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कही है? जी नहीं यह बात 1917 में महत्मा गाँधी ने बाकायदा एक सर्कुलर में अपने लाखों समर्थकों को लिखकर भेजी थी। यही नहीं कुछ महीने बाद 1918 में उन्होंने तमिल प्रदेश मद्रास में सी पी रामस्वामी की अध्यक्षता में एक सम्मेलन करवाया, जिसका उद्घाटन एनी बेसेंट ने किया और ' हिंदी वर्ष ' मनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया। इस आयोजन और आगे अभियान बढ़ाने के लिए अपने बेटे देवदास गांधी को भेजा। फिर अपने एक तमिल सहयोगी को पत्र लिखकर कहा - जब तक तमिल प्रदेश के प्रतिनिधि सचमुच हिंदी के बारे में सख्त नहीं बनेंगे, तब तक महासभा में से अंग्रेजी का बहिष्कार नहीं होगा। मैं देखता हूं कि हिंदी के बारे में करीब-करीब खादी के जैसा हो रहा है। वहां जितना संभव हो, आंदोलन किया करो। महात्मा गांधी ने विखंडित पड़े संपूर्ण भारत को एकसूत्र में बांधने के लिए, उसे संगठित करने के लिए एक राष्ट्रभाषा की आवश्यकता का अहसास करते हुए कहा था - 'राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।'

तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र में मोदी की शिक्षा नीति के अंतर्गत मराठी की अनिवार्यता के साथ पहली से पांचवी कक्षा तक हिंदी को भी आवश्यक रखे जाने पर कांग्रेस की सहयोगी उद्धव ठाकरे की सेना, राज ठाकरे की मनसे और कुछ अन्य संगठनों के नेता महात्मा गांधी के मूलभूत आदर्शों को स्वीकारने के लिए तैयार नहीं हैं। यह कैसी विडम्बना है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सत्ता की घिनौनी राजनीति के लिए जाति और भाषा के नाम पर विभिन्न प्रदेशों में अलगाव की आग लगा रहे हैं। पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन सहित द्रमुक नेताओं ने शिक्षा नीति में हिंदी सहित भारतीय भाषाओँ के महत्व को प्रादेशिक स्वयत्तता के नाम पर कड़ा विरोध व्यक्त किया। अब महाराष्ट्र में मराठी और इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के लिए कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को तीसरी भाषा के तौर पर अनिवार्य

किए जाने पर प्रतिपक्ष उग्र विरोध कर रहा है। जबकि मुक्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कहा है कि राज्य में मराठी बोलना अनिवार्य होगा। हमने पहले ही नई शिक्षा नीति लागू कर दी है। नीति के अनुसार, हम प्रयास कर रहे हैं कि सभी को मराठी के साथ-साथ देश की भाषा भी आनी चाहिए। नीति पूरे भारत में एक आम संवादात्मक भाषा के प्रयोग की वकालत करती है, और महाराष्ट्र सरकार ने मराठी का व्यापक प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए पहले ही कदम उठाए हैं। सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को एकेडमिक सत्र 2025-26 से लागू करने के लिए विस्तृत योजना बनाई है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से बताया गया है कि प्रदेश के इंग्लिश और मराठी माध्यम वाले स्कूलों में सिर्फ दो भाषाएं पढ़ाई जाती हैं जबकि अन्य माध्यम वाले स्कूल पहले से ही तीन भाषा फॉर्मूले का पालन किया जा रहा है। राज्य में अंग्रेजी और मराठी अनिवार्य है और वे वही भाषा पढ़ते हैं जो उनकी शिक्षा का माध्यम है। अब तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया है। मौजूदा सत्र 2025-26 में कक्षा 1 से हिंदी की पढ़ाई शुरू होगी और सरकार का लक्ष्य है कि 2028-29 शैक्षणिक सत्र तक सभी कक्षाओं में हिंदी पढ़ाई जाने लगे।

> **वास्तव में आज़ादी से पहले भी हिंदी का महत्व समझने और समझने वालों में हिंदी भाषी प्रदेशों के बजाय अन्य भारतीय भाषाओं के नेताओं , विद्वानों और शिक्षाविदों ने हिंदी की उपयोगिता बताई थी । आर्य समाज के महान प्रवर्तक स्वामी दयानन्द ने अपना सत्यार्थ प्रकाश हिंदी में लिखा । स्वामी दयानन्द , राजाराम मोहनरॉय ,महत्मा गाँधी , लोकमान्य तिलक , सुभाषचंद्र बोस , रवीन्द्रनाथ टैगोर , विनोबा भावे जैसे सभी महान नेताओं ने हिंदी को देश को जोड़ने वाली भाषा के रुप में स्वीकारने पर जोर दिया । संविधान निर्माताओं ने हिंदी को राजभाषा के दर्जे का प्रावधान किया । इसलिए अब हिंदी और भारतीय भाषाओं की शिक्षा का विरोध करने वाले इसे संविधान विरोधी तक कह रहे हैं , जो पूरी तरह गलत है ।**



महाराष्ट्र जैसे राज्य में, जहां मराठी प्रमुख भाषा है, वहां हिंदी को अनिवार्य करना एक रणनीतिक फैसला माना जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुभाषी बनाना और राष्ट्रीय स्तर पर संवाद और अवसरों के द्वार खोलना है। हिंदी भाषी राज्यों के विद्यार्थियों को भी महाराष्ट्र में शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी। यह बदलाव छात्रों के समग्र भाषा विकास और संचार कौशल को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। सरकार का मानना है कि इससे बच्चों में भाषाई विविधता को लेकर सम्मान बढ़ेगा और देश की एकता को भी मजबूती मिलेगी।

हालांकि इस फैसले के खिलाफ कुछ क्षेत्रीय दल और संगठन विरोध जता सकते हैं, जो राज्य में क्षेत्रीय भाषाओं की प्राथमिकता बनाए रखने की बात करते रहे हैं। उद्धव ठाकरे की सेना के प्रवक्ता संजय राउत और राज ठाकरे इसे हिंदी के बजाय हिन्दू की मान्यता जैसे कुतर्क दे रहे हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने गहन विचार विमर्श और संसद में बहस के बाद 2020 की शिक्षा नीति में हिंदी सहित भारतीय भाषाओँ को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। इसमें बच्चे चाहें तो अपनी मातृभाषा के साथ कोई दो अन्य भारतीय भाषा ले सकते हैं या तीसरी भाषा के रुप में अंग्रेजी फ्रेंच जैसी विदेशी भाषा भी पढ़ सकते हैं। इतनी व्याहारिक स्पष्टता के बावजूद समाज को बांटकर वोट की राजनीति करने वाले नेता और उनके संगठन तमिलनाडु विधान सभा या इसी साल होने वाले मुंबई महानगरपालिका के चुनावों के लिए हिंदी के उपयोग के विरुद्ध जनता को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं।

दिलचस्प बात यह है कि कमल हासन जैसे अच्छे अभिनेता भी अन्य नेताओं की तरह हिंदी की शिक्षा का विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु, कर्णाटक, आंध्र, तेलंगाना, केरल और महाराष्ट्र के मोदी और हिंदी शिक्षा विरोधी नेता अभिनेता यह कैसे भूल जाते हैं कि हाल के पांच वर्षों के दौरान उनकी ही क्षेत्रीय भाषाओँ तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम की हिंदी डबिंग फिल्मों ने हजारों करोड़ कमाए हैं और बॉलीवुड ही नहीं हॉलीवुड को चकित कर दिया है। कमल हासन ही नहीं सिनेमा के अनेक दक्षिण भारत या बंगाल सहित पूर्वी भारत के अनेक कलाकारों, निर्माता, निदेशकों को हिंदी की फिल्मों से सर्वाधिक लोकप्रियता मिली है। नेताओं में वर्तमान कांग्रेसी पी चिदंबरम अवश्य घोर हिंदी विरोधी हैं, लेकिन कांग्रेस के इंदिरा युग के चाणक्य कामराज या बाद में प्रधान मंत्री भी बने नरसिंहा राव और एच डी देवेगौड़ा हिंदी सीख बोलकर गौरवान्वित महसूस करते रहे हैं। वास्तव में आज़ादी से पहले भी हिंदी का महत्व समझने और समझने वालों में हिंदी भाषी प्रदेशों के बजाय अन्य भारतीय भाषाओँ के नेताओं, विद्वानों और शिक्षाविदों की भमिका थी। यहाँ तक कि सत्रहवीं शताब्दी के अमीर खुसरो ने हिंदवी शब्द का उपयोग कर हिंदी की उपयोगिता बताई थी। आर्य समाज के महान प्रवर्तक स्वामी दयानन्द ने अपना सत्यार्थ प्रकाश हिंदी में लिखा। स्वामी दयानन्द, राजाराम मोहनरॉय, महत्मा गाँधी, लोकमान्य तिलक, सुभाषचंद्र बोस, रवीन्द्रनाथ टैगोर, विनोबा भावे जैसे सभी महान नेताओं ने हिंदी को देश को जोड़ने वाली भाषा के रुप में स्वीकारने पर जोर दिया। संविधान निर्माताओं ने हिंदी को राजभाषा के दर्जे का प्रावधान किया। इसलिए अब हिंदी और भारतीय भाषाओं की शिक्षा का विरोध करने वाले इसे संविधान विरोधी तक कह रहे हैं, जो पूरी तरह गलत है। संविधान के अनुच्छेद 29 -30 , 120 , 210 , 343 , 351 , 394 में हिंदी को विभिन्न स्तरों पर अपनाने के प्रावधान किया है। अनुच्छेद 343 में हिंदी को राजभाषा के रुप में रखा। अनुच्छेद 351 में कहा गया है कि संघ का कर्तव्य है कि वह हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाए, उसका विकास करे ताकि वह भारत की संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। आठवीं सूची की अन्य भारतीय भाषाओँ को आत्मसात करे। इसी लक्ष्य के अनुसार नई शिक्षा नीति में हिंदी और भारतीय भाषाओं को लागू करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है।

# बंगाल की राजनीति में 'दंगा' और 'सियासत' का 'चिकन नेक' कनेक्शन!

■ स्वपन दासगुप्ता

पश्चिम बंगाल की कहानी थोड़ी उलझी हुई है। इसमें सियासत के कुछ रंग भी दिखते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीएसएफ पर कुछ आरोप लगाए। ये आरोप थोड़े तीखे थे। ममता बनर्जी ने कहा कि अमित शाह और बीएसएफ ने 8 अप्रैल को भारत-बांग्लादेश सीमा पर हुए दंगों को भड़काया। ये दंगे चिकन नेक इलाके में हुए थे। हिंसा चार दिनों तक जारी रही। फिर कलकत्ता हाई कोर्ट ने बीच में दखल दिया और केंद्रीय बलों को तैनात करने का आदेश दिया। ममता बनर्जी का आरोप है कि केंद्र सरकार ने मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में दंगे करवाए। लेकिन इस बात का कोई सबूत नहीं है। असल में, ऐसा लगता है कि कुछ मुस्लिम लोग वक्फ संशोधन अधिनियम (Waqf Amendment Act) का विरोध कर रहे थे। ये विरोध प्रदर्शन बेकाबू हो गया। मीडिया और खुफिया रिपोर्टों में भी यही बात सामने आई है। अफवाहें फैलाई गईं कि नए कानून बनने के बाद मुसलमानों को न तो नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद मिलेगी और न ही अपने मृतकों को दफनाने के लिए जगह। 2019 में CAA के खिलाफ भी ऐसे ही अफवाहें फैलाई गई थीं। तब कहा गया था कि मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। ममता बनर्जी केंद्र सरकार को विलेन बता रही हैं। इससे वो ये संदेश देना चाहती हैं कि राज्य के 30 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम समुदाय को हमेशा उनकी पार्टी के साथ खड़ा रहना चाहिए। ममता बनर्जी को पता है कि वक्फ कानून को बंगाल में लागू नहीं होने देने का उनका वादा झूठा है। ये सिर्फ एक दिखावा है। जैसे CAA के समय उन्होंने कहा था कि 'हम कोई कागजात नहीं दिखाएंगे'।

तृणमूल कांग्रेस खुलकर मुस्लिम राजनीति के साथ खड़ी है। कुछ महीने पहले, मुर्शिदाबाद जिले के एक टीएमसी विधायक ने स्थानीय हिंदुओं को धमकी दी थी कि अगर उन्होंने बदतमीजी की तो उन्हें भागीरथी नदी में डुबो दिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, एक मंत्री ने धमकी दी कि अगर वक्फ कानून पर मुसलमानों की आपत्तियों को नहीं सुना गया तो कोलकाता शहर को ठप कर दिया जाएगा। पूरे राज्य में ऐसा लगता है कि प्रशासन को ये आदेश मिला हुआ है कि मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए। ये मुस्लिम समुदाय से मिलने वाले वोट का इनाम है। टीएमसी का गणित ये है कि अगर मुस्लिम समुदाय एक होकर टीएमसी को वोट देता है (जैसा कि उन्होंने पिछले चुनावों में किया था), तो सिर्फ 20त्न हिंदू वोट मिलने से भी टीएमसी चुनाव जीत जाएगी। इसलिए, भाजपा को हिंदू वोट का लगभग 62त्न हिस्सा हासिल करना होगा। अभी तक, भाजपा को लगभग 55 प्रतिशत हिंदू वोट मिले हैं।



पहले, पश्चिम बंगाल में मुस्लिम राजनीति का बांग्लादेश में होने वाली घटनाओं से कोई लेना-देना नहीं था। बांग्लादेश की पार्टी अवामी लीग की विचारधारा का असर बंगाल के मुसलमानों पर नहीं था। न तो पाकिस्तान के शासन के दौरान और न ही 1971 के मुक्ति युद्ध के दौरान। जब शेख हसीना ने बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ कार्रवाई की, तो कई इस्लामी कार्यकर्ता सीमा पार करके पश्चिम बंगाल में आ गए। उन्होंने राजनीतिक माहौल का फायदा उठाकर बंगाल के मुसलमानों को गुपचुप तरीके से कट्टरपंथी बना दिया। पिछले साल अगस्त में हसीना सरकार के गिरने के बाद, ये इस्लामी कार्यकर्ता मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के समर्थक बन गए हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि बांग्लादेश में बदलावों के कारण दोनों बंगालों के मुस्लिम कट्टरपंथियों के बीच एक राजनीतिक तालमेल बन गया है। ढाका में सरकार अपनी कमजोरियों के कारण इस तालमेल का फायदा नहीं उठा पा रही है। लेकिन दो बातों पर ध्यान देना जरूरी है। पहली बात, बांग्लादेश के कट्टरपंथी इस्लामवादियों का एजेंडा बांग्लादेश सरकार से अलग है। वे पूरी दुनिया में खिलाफत (Caliphate) स्थापित करना चाहते हैं। इसलिए, पश्चिम बंगाल में इसका असर हो सकता है। दूसरी बात, यूनुस सरकार मुक्ति आंदोलन से दूरी बनाना चाहती है। इसलिए, पाकिस्तान ने बांग्लादेश में अपनी पैठ बनानी शुरू कर दी है। 1971 में हारने वाले लोग अब सत्ता में हैं। इससे बांग्लादेश पाकिस्तान से प्रेरित होकर भारत के खिलाफ साजिश रच सकता है। डर है कि बांग्लादेश के शिविरों से रोहिंग्या मुसलमानों का भारत में आना भी एक बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है।

अभी ऐसा लग सकता है कि बांग्लादेश में कुछ लोग भारत को परेशान करना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि बांग्लादेश चीन और पाकिस्तान की मदद से लालमोनिरहाट में एक सैन्य हवाई अड्डा बनाए। इस हवाई अड्डे को सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) पर कब्जा करने और भारतीय भूभाग को उत्तर-पूर्वी राज्यों से अलग करने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन, अगर चिकन नेक हमेशा मुस्लिम कट्टरपंथियों के नियंत्रण में रहता है और राज्य सरकार क्कस्न को दुश्मन मानती है, तो भारत की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। पश्चिम बंगाल में कुछ लोग मानते हैं कि ममता बनर्जी राज्य को एक और बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। इससे हिंदुओं को एक बार फिर अपनी जमीन और संपत्ति से हाथ धोना पड़ेगा। ये ममता बनर्जी को साबित करना है कि ये डर गलत हैं। हाल की घटनाओं से चिंता बढ़ गई है।

# साहित्य सेवा को समर्पित करैया के जन्म दिवस पर हुआ कवि सम्मेलन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

साहित्य एवं समाज को समर्पित व्यक्तित्व केप्टिन किशोर करैया के जन्म दिवस के अवसर पर सुविख्यात साहित्यविद एवं सहित्यकारों के आतिथ्य मे काव्य महोत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ।

दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में वरिष्ठ सहित्यकारों मे ऋषि श्रृंगारी, दिनेश प्रभात भोपाल, गिरिमोहन गुरु, नित्यगोपाल कटारे, संतोष नर्मदापुरम, संगीता सरल,दिनकर पाठक भोपाल की गरिमामय उपस्थिति में नगर सहित म.प्र. के अन्य 50 कवियों ने प्रस्तुति दी।

- मध्य प्रदेश के 50 कवियों ने दी प्रस्तुति
- देर शाम तक कवियों ने ओज, हास्य,गीत गजल की प्रस्तुति दी,एवं कवियों ने संमा बांध श्रोताओं को किया भाव-विभोर



नर्मदा आव्हान सेवा समिति द्वारा संयोजक कैप्टन करैया के जन्मदिन पर में देर शाम तक कवियों ने ओज, हास्य,गीत गजल की प्रस्तुति दी,एवं कवियों ने संमा बांध श्रोताओं को किया भाव-विभोर किया। काव्य कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन से हुआ।अतिथियों का स्वागत केप्टिन करैया, हंस राय,बलराम शर्मा, नवीन हरियले, पावन कुमार मनीष तिवारी, अमित बिल्लोरे, रेखा कापसे ने किया। प्रथम सत्र संचालन हरिओम दीक्षित ने एंव आभार केप्टिन करैया ने दिया। रेखा कापसे की सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ। उपस्थित कवियों ने ओज, हास्य, गीत गजल की प्रस्तुति देकर संमा बांध श्रोताओं को किया भाव-विभोर किया। इस दौरान केप्टिन करैया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटकर बधाई दी.

### जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

# पलकमती नदी के कछार क्षेत्र में हो रहे कार्यों तथा मंगरिया में गौशाला का काम भी देखा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत द्वारा रविवार 20 अप्रैल को जनपद पंचायत सोहागपुर का भ्रमण कर पलकमती नदी के उदगम स्थल बिनेका क्षेत्र व आसपास की ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर नदी पुर्नजीवन हेतु किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि जल गंगा सवर्धन अभियान 2025-26 अंतर्गत पलकमती नदी के पुर्नजीवन का कार्य भी किया जाना है, इसलिये सीईओ जिला पंचायत द्वारा पलकमती के उदगम स्थल जो कि सतपुडा टाइगर रिर्जव के बिनेका एवं जमानीदेव क्षेत्र के आगे पड़ता है वहा से प्रारंभ किया गया। जहां सीईओ जिला पंचायत द्वारा नदी के प्रवाह वाले 12 किलोमीटर के एसटीआर वनक्षेत्र में वन विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यो की प्लानिंग तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु वन विभाग के अमले को कहा गया एवं बोला गया कि आरक्षित वनक्षेत्र में जो संरचनाएं निर्मित होंगी उनमें वर्ष भर जल रहेगा जो नदी के पुर्नजीवन हेतु बहुत उपयोगी होगा। इसके पश्चात ग्राम पंचायत सेहरा, टेकापार, छेडका, बिछुआ में मनरेगा योजना के तहत नवीन बनाए जा रहे खेत तालाब, कूप रिचार्ज, चेक बोल्डर स्ट्रक्चर आदि का निरीक्षण किया गया एवं विगत वर्षो में उक्त पंचायतों में बनाए गए खेत तालाबो का निरीक्षण किया गया।



सीईओ जिला पंचायत द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोहागपुर एवं सहायक यंत्री मनरेगा को निर्देश दिए गए कि जलगंगा संवर्धन हेतु इस सप्ताह समस्त लक्षित खेत तालाब कार्य प्रारंभ किये जाये कार्यो को गुणवत्तापूर्वक किया जाये एवं समयावधि का ध्यान रखा जाए। सांथ ही सीईओ श्री रावत द्वारा मंगरिया स्थित गोशाला का भी निरीक्षण किया गया था गोशाला के समीप चरागाह को विकसित करने के निर्देश दिए गए।

गोहनादेहमाल की पंचायत भवन निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी

ग्राम पंचायत गोहनादेहमाल में नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। उक्त निर्माण कार्य में उपुयक्त हो रही ईटों का परीक्षण सीईओ जिला पंचायत द्वारा किया गया एवं उनकी गुणवत्ता सही न होने के कारण उन्हें तत्काल बदलने के एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपयोग करने के निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री सक्सेना जो कि नदी पुर्नजीवन कार्य से जुडे हुए है वह भी उपस्थित रहे एवं परियोजना अधिकारी मनरेगा अभिषेक तिवारी, जनपद पंचायत सोहागपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय अग्रवाल, सहायक यंत्री श्रीमति सुनीता वर्मा, उपयंत्री राहुल तिवारी एवं विभिन्न पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# शिविर में 128 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा नेत्र शिविर गुलाबगंज के शासकीय अस्पताल में लगाया गया। जिसमें स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा सहयोग प्रदान किया गया जिसमें डॉक्टर ब्रज शर्मा ने लगभग 128 मरीजों के नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें लगभग 13 मरीजों को मोतिया बिंद चिन्हित किया गया। जिसमें 29 को चश्मे प्रदान किए गए। वहीं पवन भोई ने 21 लोगो के नंबर निकालकर दिए गए।

वहीं दूसरी ओर कैंप प्रभारी गोलू राठौर एवम काउंसलर धर्मेंद्र शर्मा द्वारा बीपी एवम शुगर लेवल की जांच की गई वहीं समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले एवम पड़ी अरविंद अवस्थी ने कहा कि इस शिविर में ट्रस्ट द्वारा सरहनीय कार्य किया जा रहा है।

## अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार दो जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा!** रविवार की सुबह चार बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत धनेटा झलौन मार्ग पर स्थित माल बाबा के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर हादसे के शिकार हो गए जिन्हें 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से दो लोगों को गंभीर हालत के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है घटना के संबंध में मिली जानकारी प्रकाश पिता चोखे लाल गौड़ उम्र 35 गोदालाल पिता रामसेवक गौड़ उम्र 36 वर्ष निवासी अर्जुनद्र जिला सागर के रहने वाले इस जो किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे लेकिन वापस लौटते समय माला बाबा के समीप अनियंत्रित होकर हादसे के शिकार हो गए जिन्हें स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है

### अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

# फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप के विरोध में ब्राह्मण समाज ने दिया ज्ञापन

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

रविवार को ब्राह्मण समाज ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि मुंबई में फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप द्वारा सोशल मीडिया पर ब्राह्मणों के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी का विरोध किया गया और एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई।

ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मणों पर एक आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसके चलते देशभर में ब्राह्मण समाज इस घटना को लेकर आक्रोशित है। रविवार को ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के लोगों ने सिद्धेश्वरी मंदिर से एक समूह के रूप में जय स्तंभ चौक पहुंचकर एक मानव श्रृंखला बनाई और अनुराग कश्यप के खिलाफ नारेबाजी की। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनोज मिश्रा के कार्यालय पहुंचकर, उनको ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग की कि ब्राह्मण समाज सदैव से अनुशासित और राष्ट्रभक्त समाज है। फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप द्वारा अनावश्यक रूप से अपनी पब्लिसिटी के लिए ब्राह्मण समाज को अपमानित करने का कार्य किया है और एक बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी समस्त ब्राह्मण समाज पर की है। इस प्रकार की टीका टिप्पणी से देश एवं समाज में वैमनस्यता फैलती है। देश की शांति व्यवस्था भंग होती है इसलिए इसके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करते हुए एफआईआर की जाए अन्यथा पूरे जिले भर में ब्राह्मण समाज चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन करेगी।



समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि अनुराग कश्यप ने जो अभद्र टिप्पणी, ब्राह्मण समाज के खिलाफ की है, वह किसी भी प्रकार से बर्दास्त नहीं की जाएगी और समाज इसका जबरदस्त विरोध करेगी। यदि आवश्यकता पड़ी तो पूरे जिले को भी बंद कराया जा सकता है।

ज्ञापन में वरिष्ठ पुरोहित एवं आचार्य केशव शास्त्री, पंडित रवि तिवारी, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विपिन तिवारी, पंडित मुन्नालाल शास्त्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र पिंकू शर्मा, पवन रिछारिया, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, कृष्ण मोहन शर्मा, राजकुमार शुक्ला, गगन दुबे, अमित शुक्ला, मनीष पाठक साहित्य सैंकड़ों ब्राह्मण उपस्थित रहे।

# डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन संपन्न

**तेंदूखेड़ा में हुआ संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भव्य कार्यक्रम**

**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

रविवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देश पर डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित एक व्याख्यानमाला का आयोजन हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के कार्यालय में किया गया

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ




कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में मूरत सिंह सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीप्रसाद नामदेव नगर परिषद उपाध्यक्ष गोविंद यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता शुभम जैन उपस्थित रहे मुख्य वक्ता के रूप में गोविंद यादव ने बाबा साहब के संघर्षशील जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, ÷डॉ. अंबेडकर का जीवन कठिनाइयों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने दो-दो विषयों में पीएचडी कर 'सिंबल ऑफ नॉलेज' के रूप में विश्व में पहचान बनाई उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने दलित, पिछड़े वर्ग एवं समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, बाबा साहब के कारण आज हम सभी समानता के अधिकार का अनुभव कर रहे हैं। संविधान ने हमें एक साथ बैठकर पढ़ने, और जीवन जीने की आज़ादी दी है कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, छात्रगण, परिषद से जुड़े स्वयंसेवी संगठन हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन, मोहित एजुकेशन सोसाइटी, सूर्य सेवा समिति जरौली, स्वर्गीय राम सिंह समग्र कल्याण समिति पूरा, प्रस्फुटन समितियां, तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में श्री दिनेश साहू, अध्यक्ष, नवांकुर संस्था द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।



## समाजसेवियों ने पुलिस लाइन में लगे पौधों के आसपास सफाई कर उन्हें सिंचित किया

**नर्मदापुरम।** भीषण गर्मी को देखते हुए माँ रेवा सेवा समिति और स्पीक सपाक्स संस्था के सदस्यों ने पुलिस लाइन में लगे पौधों को जल देकर सिंचित किया, पौधों के आसपास पॉलिथीन, कचरा साफ़ करके पौधों का संरक्षण किया, इस दौरान समाजसेवी हरी सिंह चौहान, रेवा सेवा समिति के मीडिया प्रभारी और हेल्थ एक्टिविस्ट डॉ.मयंक तोमर, आयुष चौहान, यशवंत राजपूत,आयुषी अग्रवाल, शिवांगी शर्मा, आरुषि प्रधान, तृप्ति मिश्रा, सिद्धि कहार, नीलम मंसूरिया, सृष्टि चौरे, पूजा मालविया, निकिता गौर, कविता गौर, प्रिया चावला, धनराज कुशवाह, विवेक पटेल, पवन चौहान, लक्ष्य और स्पीक संस्था के अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के . एन त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे

**मेट्रो एंकर** तरबूज में फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो पाचन तंत्र को मजबूत करता है इसमें 90 फीसदी पानी होता है

# बाजार में तरबूज की बहार, यह गर्मी के सीजन का सबसे फायदेमंद आहार

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

इन दिनों गर्मी तीखे तेवर दिखा रही है। गर्मी के कारण घरों से निकलना मुश्किल भरा है इस कारण शरीर में पानी की कमी होने से तमाम मौसमी बीमारियां परेशान करती हैं। शरीर में पानी और पोषक तत्वों को बनाए रखने में सबसे अच्छा फ्रूट तरबूज है, जो इन दिनों बाजार में भरपूर मात्रा में उपलब्ध है तरबूज न केवल हमारे शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है, बल्कि फाइबर, विटामिन, मिनरल्स का अच्छा स्रोत भी है

### शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है तरबूज

गर्मियों में तरबूज खाना कई तरह से फायदेमंद होता है, जैसे कि यह शरीर को ठंडा रखता है, हाइड्रेट करता है और पाचन में मदद करता है।

तरबूज में 90 प्रतिशत पानी होता है, जो गर्मियों में शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। तरबूज में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन तंत्र को मजबूत करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। तरबूज की ठंडी तासीर गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने में मदद करती है



### इम्युनिटी बूस्टर है तरबूज

सीबीएमओ डॉ आर आर बागरी बताते हैं कि तरबूज में विटामिन सी होता है, जो इम्युनिटी को मजबूत करने में मदद करता है। तरबूज में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। तरबूज में विटामिन सी होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। तरबूज में मौजूद पोषक तत्व खून को साफ करने में मदद करते हैं।

### विटामिन और मिनरल्स का स्रोत है तरबूज

डॉ अमन सोनी कहते हैं तरबूज में विटामिन ए, सी और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए जरूरी होते है। तरबूज में लाइकोपीन नामक तत्व पाया जाता है, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। तरबूज में कैलोरी कम होती है और यह पेट को जल्दी भर देता है जिससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है

### फ्रिज में रखें तरबूज के सेवन से बचें

डॉ प्रियांशु साहू कहते हैं कि फिज में रखा तरबूज खाने से बचें, क्योंकि इसे काटकर फ्रिज में रखने से बैक्टीरिया पनपते हैं और पोषक तत्व कम हो जाते हैं, जिससे फूड प्वॉइजनिंग का खतरा बढ़ सकता है। यहां कुछ और कारण दिए गए हैं कि क्यों तरबूज को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। तरबूज में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और अन्य पोषक तत्व फ्रिज में रखने से कम हो जाते हैं। फिज में रखने से तरबूज का स्वाद भी बदल सकता है। अगर आप तरबूज को ठंडा करना चाहते हैं, तो उसे फ पानी में डाल दें

# विधायक ने तालाब में श्रमदान कर जीर्णोद्धार की अलख जगाई, पांच लाख रुपए भी दिए

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जल गंगा संवर्धन अभियान की निहित बिन्दुओं की प्राप्ति के लिए और आने वाली पीढ़ी को प्रचूर जल मात्रा व जल स्त्रोत की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए विदिशा जिले में अभियान के तहत विशेष पहल की जा रही है।

सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने रविवार को ग्राम पगरानी के तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यो की शुरूआत करते हुए तालाब के जीर्णोद्धार की अलख जगाई हैं। उन्होंने स्वंय अपने हाथो से गैंती फावडा से तालाब के गहरीकरण को मूर्तरूप देने के कार्यो की शुरूआत की है।

विधायक श्री शर्मा की पहल और आव्हान पर स्थानीय ग्रामीणो ने श्रमदान में बढ चढकर हिस्सेदारी निभाई और ग्राम के तालाब के जीर्णोद्धार, साफ सफाई जैसे कार्य अपने हाथो से करने की शपथ ली है।



सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने ग्राम पंचायत पगरानी के तालाब के सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार तथा पौधरोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यो को सुव्यवस्थित रूप से मूर्तरूप देने के लिए आवश्यक राशि के प्रबंध सुनिश्चित कराए है। विधायक श्री शर्मा ने इस दौरान विधायकनिधि से पांच लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस राशि से पगरानी के तालाब का कायाकल्प बदला दिखे ऐसे छोटे बडे सभी कार्य पूरे किए जाएं। आवश्यकता पडती है तो राशि और उपलब्ध कराई जाएंगी।

विधायक श्री उमाकांत शर्मा ने ग्रामवासियों से कहा कि अपने गांव के तालाब की देखरेख अपन से अच्छा और कोई दूसरा नहीं कर सकता है। तालाब में बारहमासी जल बना रहें इसके लिए ऐसे पौधे लगाएं जो जल को संचय करने का कार्य करते है। पौधरोपण कार्य की देखरेख सतत की जाए ताकि रोपित पौधे वृक्षो में परिवर्तित हो सकें। उन्होंने किसानो से आव्हान किया कि वे अपने खेतो में भी पूर्व वर्षो की भांति डबरा डबरी बनाएं ताकि खेत का पानी खेत में बना रहे और जल स्तर में गिरावट ना आए।

इसी प्रकार उन्होंने सभी जल स्त्रोतो की साफ सफाई और रिचार्ज के लिए किए जाने वाले प्रबंधो को भी पूरा करने की अपील की है।

## पाटन समिति प्रबंधक, वेयरहाउस संचालक को तत्काल जवाब के लिए एसडीएम ने दिया नोटिस

# किसान से 2000 लेने का वीडियो वायरल शासन ने बिचौलिए पर कराई एफआईआर

■ फसल पास करवाने के बदले में भूपेंद्र कुशवाहा ने मांगी थी घूंस

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

समर्थन मूल्य पर उपज पास करने के बदले में कुछ दलाल के द्वारा सांठगांठ करके भोले कृषकों को फसाने का काम किया जा है। वहीं ऐसा करने दलालों को किसानों के साथ ठगी करना महंगा पड़े एसडीएम के द्वारा एफआईआर करवाई गई। पिछले दिनों पाटन समिति में किसान से उसकी फसल पास करवाने के बदले में 2000 की धोखाधड़ी करने वाले भूपेंद्र कुशवाहा पर प्रकरण दर्ज करवाया गया है। सभी समिति प्रबंधकों और दलालों के साथ सर्वयरों लेकर वेयरहाउस संचालकों में हड़कंप मच गया है। समर्थन मूल्य पर उपार्जन के दौरान कई जगह दलाल सक्रिय हैं जिनके द्वारा सीधे किसानों को अपने झांसे में लेकर इस खेल को अंजाम दिया जा रहा था। इसके बाद वीडियो वायरल होने के बाद

मामले को एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए बिचौलिए पर थाने में धोखाधड़ी करने की धाराओं में मामला दर्ज करवाया



दूसरी ओर सर्वेयर को पहले ही एसडीम ने हटा दिया था इनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई की एक ही है भविष्य में ने किसी भी जगह नियुक्त नहीं मिलेगी इसके लिए भी एसडीएम ने लिखा है इसके अलावा एसडीएम हर्षल चौधरी ने किसानों से जुड़े मामले को बहुत ही गंभीरता से लेते हुए समिति प्रबंधक और वेयरहाउस संचालक को भी तत्काल जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है।

इनके द्वारा यदि संतोजनक जवाब नहीं दिया तो इनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जा सकती है इसके बाद सभी की चिंताएं बढ़ गई है किसानों की फसल पास करने के बदले में सर्वयरों के द्वारा दलाल तत्व के लोगों से मिलकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है प्रेम को यह करना अव महंगा पड़ गया है प्रशासन की कड़ी नजर इन सब पर है।

फसल पास करने के बदले में खुलेआम रिश्वत मांगी जा रही है । इसी तरह का एक मामला पाटन



समिति के द्वारा निधि वेयरहाउस पर समर्थन मूल्य खरीदी की जा रही है कुछ दिन पहले यहां भूपेंद्र कुशवाहा नाम के व्यक्ति ने किसान की फसल पास करवाने के नाम पर 2000 वसूले थे इसका वीडियो भी वायरल हुआ पैसे सर्वेयर को देने की बात कही जा रही थी वीडियो वायरल होने के बाद मामले को दबाने के लिए दलाल ने पहले तो किसान को शिकायत वापस लेने के लिए मना लिया पर प्रशासन ने कृषकों से जुड़े हुए मामले को गंभीरता से लिया एसडीएम थाने पहुंचकर प्रशासन की ओर से पैसे लेने वाले भूपेंद्र कुशवाहा पर किसानों को गुमराह करने व अवैध वसूली करने पर प्रकरण भी दर्ज करवाया है।

दूसरी ओर समिति प्रबंधक तथा वेयरहाउस संचालक को भी नोटिस जारी किया है। क्योंकि इनकी भूमिका भी अच्छी नहीं लग रही है इतने दिनों से यहां पर किसानों से इस तरह के व्यक्ति वसूली करके इस काम को अंजाम दे रहा था किसीन ध्यान नहीं दिया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी की मिली भगत से इस प्राइवेट व्यक्ति के द्वारा सर्वेयर से फसल पास करवाने के बदले में 1000 से लेकर 5000 तक की राशि वसूल का कार्य किया जा रहा था ।

2000 रुपए लेने का वीडियो वायरल हुआ उसके बाद प्रशासन कार्रवाई करने के लिए पहुंचा तो दलाली करने वाले व्यक्ति ने शिकायतकर्ता को अपने पक्ष में करके इसकी शिकायत वापस करवाई करवा दी।

इसके पीछे बताया जा रहा है कि उसको डराया कि यदि तुम शिकायत वापस नहीं लगे तो तुम्हारी फसल नही तुलेगी इसका भुगतान भी नहीं आएगा इस वज़ह से उसने शिकायत वापस ले ली पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने किसानों से जुड़े हुए मामले में भूपेन्द्र कुशवाहा पर प्रकरण भी दर्ज करवाया है। इसके अलावा सभी केदो कि गंभीरता जांच की जा रही है सर्वेयरों को भी कड़े निर्देश दिए हैं।

# पथरिया उप तहसील में जिला सहकारी बैंक की शाखा स्थापित कराने की सांसद से की मांग



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विकासखंड अंतर्गत आने वाली पथरिया उप तहसील अंतर्गत आने वाली 39 पंचायतों के ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए जिला सहकारी बैंक की शाखा स्थापित कराने के लिए सांसद डॉ लता वानखेड़े को कृषि ग्रामीण मजदूर संघ सिरोंज के बैनर तले ज्ञापन दिया गया। कृषि ग्रामीण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष मोहन रघुवंशी द्वारा सांसद डॉ वानखेड़े को बताया कि सिरोंज में एक बैंक की शाखा है और ग्रामीण क्षेत्र बहुत बड़ा है इस लिए उप तहसील पथरिया में एक जिला सहकारी बैंक विदिशा की एक शाखा स्थापित हो, जहां पूर्व में भी पथरिया में बैंक शाखा हुआ करती थीं जो किन्हीं कारणों से बंद हो गई।

सांसद डॉ वानखेड़े ग्राम पंचायत बगरोदा के बगरोदा ग्राम में कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। यहां पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष रघुनाथ सिंह रघुवंशी द्वारा बीजेपी के बड़े नेताओं द्वारा उनके गांव को दी गई सौगातों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में सांसद डॉ वानखेड़े ने ग्रामीणजनों का स्वागत करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बगरोदा पंचायत में सबसे ज्यादा वोट मुझे पूरे लोकसभा क्षेत्र में प्राप्त हुए। इसके साथ ही बगरोदा गांव को गोद लेने की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी के ग्रामीण विकास के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। माता बहिनों को शिक्षित करते हुए विकसित भारत के प्रधानमंत्री मोदी के सपने को साकार करने का आव्हान किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष पथरिया राकेश रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया।

## घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या , आरोपी गिरफ्तार

**सिरोंज।** रविवार को ग्राम देहरी में घरेलू विवाद के चलते पति ने अपनी पत्नी चाकू से बाहर करके मौत के घाट उतार दिया पहले आरोपी ने पत्नी पर लाठी डंडों से पीटना शुरू किया इसके बाद चाकू से हमला करके बेरहमी से पत्नी की हत्या कर दी सूचना मिलने पर पथरिया पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सबसे मृतक अकीला वी उम्र 50 वर्षीय को शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय लेकर पहुंची जहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने म मृत घोषित कर दिया पीएम के पास लाश परिजनों को सौंप दी ।

# नवागत कलेक्टर गुप्ता ने जिला जेल का किया निरीक्षण



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**


विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने रविवार बीस अप्रैल को जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे भी साथ-साथ मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला जेल में बंदियों से संवाद कर उन्हें मुहैया कराई जाने वाली बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ कानूनी मदद प्राप्ति के लिए किए गए प्रबंधो के संबंध में पूछताछ की है। जेल अधीक्षक पीडी श्रीवास्तव ने जिला जेल में किए गए नवाचारो से अवगत कराते हुए बंदियो से मुलाकात कक्ष में संवाद के लिए बनाए गए कक्ष और उनके स्वास्थ्य पर विशेष नजर रखते हुए समय अंतराल पर आयोजित किए जा रहे उपचार केम्प के संबंध में जानकारियां सांझा की है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला जेल में बंदियो के लिए किए गए प्रबंधो इसी प्रकार महिला जेल का भी भ्रमण कर जायजा लिया और महिला बंदियो को मुहैया कराई जा रही सुविधाओं की प्राप्ति से अवगत हुए है।

## एनटीसीए से अनुमति टाइगर रिजर्व के दो भेड़ियों को पहनाएं जाएंगे रेडियो कॉलर

**तेन्दूखेड़ा।** तीन जिले की सीमा में फैले हुए प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में में राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर द्वारा रिजर्व मे दो भेड़ियों को रेडियो कॉलर पहनाने की अनुमति मिल गई है नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से मंजूरी मिलते ही संस्थान और टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं यह टाइगर रिजर्व पहले अभयारण्य था यहां भेड़ियों के कई प्राकृतिक आवास हैं। इसी कारण 1975 में इसे अभयारण्य का दर्जा मिला था नौरादेही को प्रदेश का वुल्फ स्टेट का दर्जा दिलाने में अहम योगदान रहा है। यहां भारतीय भेड़ियों यानी ग्रे वुल्फ की अच्छी संख्या है। राज्य वन अनुसंधान संस्थान ने फरवरी 2024 से ग्रे वुल्फ पर रिसर्च शुरू की है। रिसर्च के लिए दो साल की योजना स्वीकृत हुई है। इसके तहत दो भेड़ियों को रेडियो कॉलर पहनाकर उनकी गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। इससे उनके व्यवहार, शिकार, रहवास और दिनचर्या का अध्ययन किया जाएगा। रिसर्च का उद्देश्य यह जानना है कि बाघ और तेंदुए जैसे बड़े जानवरों के बीच भेड़ियों का जीवन कैसा है। वे क्या खाना पसंद करते हैं, कहां रहते हैं और दिनभर क्या करते हैं। साथ ही यह भी समझना है कि टाइगर रिजर्व बनने के बाद उनके जीवन पर क्या असर पड़ा है नौरादेही टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी का कहना है कि वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की एक पहचान भारतीय भेड़ियों ( ग्रे वुल्फ ) के प्राकृतिक आवास के रूप में है, यहां राज्य वन अनुसंधान संस्थान द्वारा फरवरी 2024 से ग्रे वुल्फ पर रिसर्च शुरू की है, रिसर्च के उद्देश्यों को ध्यान रखते हुए 2 भेड़ियों को रेडियो कॉलर पहनाने के लिए एनटीसीए से अनुमति मांगी गई थी जो हमें मिल चुकी है ।



# अवैध पत्थर उत्खनन में संलिप्त वाहन किए जप्त अवैध फर्शी का विनिष्टीकरण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा वन मण्डलाधिकारी हेमंत यादव एवं उनके सहयोगी के द्वारा रविवार को बासौदा तहसील क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वालो के खिलाफ औचक छापेमारी कार्यवाही कर संलिप्त वाहनो को जप्त करने एवं अवैध संग्रहित पत्थर फर्शी को मौके पर विनिष्टीकरण करने की कार्यवाही की गई है।

वन मण्डलाधिकारी श्री यादव ने अवैध उत्खनन पर लगाम लगाए जाने के लिए संवेदनशील बीटो में सीसी टीव्ही कैमरे लगवाने के कार्यो को भी अंजाम दिलाया है। गौरतलब हो कि वन विभाग को प्राप्त गोपनीय सूचनाओं के आधार पर वन मण्डलाधिकारी श्री यादव स्वंय बासौदा अंतर्गत अवैध उत्खनन क्षेत्रो में कार्यवाही के लिए पहुंचे। उन्होंने उड़नदस्ता दल व वन मण्डलाधिकारी के हमराह की मौजूदगी में वन परिक्षेत्र बासौदा में वन चैकी भिलाय के अंतर्गत वन क्षेत्रो में अवैध पत्थर खदानो का निरीक्षण किया जिसमें



बीट घटेरा, पधार, उदयपुर, भिलाय में गहन रूप से जांच की गई। जिसमें पाया गया कि अवैध पत्थर फर्शी का उत्खनन कर संग्रहित किया गया है। जिनका मौके पर पहुंचकर विनिष्टीकरण करने की सम्पूर्ण कार्यवाही की गई है और अवैध उत्खनन में संलिप्त पाए गए दो ट्रक एवं तीन ट्रेक्टर ट्राली मौके पर जप्त करने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।

उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान उप वन मण्डलाधिकारी विदिशा प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा हिमांशु त्यागी, उप वन मण्डलाधिकारी सिरोंज श्री तरूण डेहरिया के साथ-साथ वन मण्डल के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी तथा उड़नदस्ता दल ने संयुक्त रूप से उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया है।

**मेट्रो एंकर**

## महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा जिले की सभी आंगनबाडी केन्द्रों पर पोषण पखवाडा का आयोजन

# बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व पोषण स्तर जांचकर एप में की जा रही एंट्री

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा जिले की सभी आंगनबाडी केन्द्रो पर पोषण पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। 23 अप्रैल तक जारी रहने वाले पखवाडा के दौरान आंगनबाडी केन्द्रो के माध्यम से प्रदाय सुविधाओं के साथ-साथ केन्द्र में दर्ज बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण व वजन लेकर पोषण स्तर का चिन्हाकन कर पोषण ट्रेक एप में इन्ट्री करने का कार्य किया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने बताया कि पोषण पखवाडा के दौरान अन्न प्राशन किया जा रहा है साथ ही गर्भवती माताओं, धात्री माताओं एवं अन्य महिलाओं से चर्चा कर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति सचेत करते हुए समय पर सभी जांचे अनिवार्य रूप से कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जांचो के अभाव में स्वास्थ्य के प्रति पड़ने वाले दूषित प्रभावो से भी अवगत कराया जा रहा है पखवाडे के लिए





प्रथम एक हजार दिवस की कार्ययोजना, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण छह माह से ऊपरी बच्चों को आहार और उसकी मात्रा तथा पोषण आहार तथा अतिरिक्त आहार और टीएचआर के उपयोग करने की आकर्षक विधियां वृद्धि निगरानी पोषण ट्रेक एप एवं सभी को पोषण पखवाडा की शपथ दिलाकर आंगनबाडी केन्द्र के साथ-साथ जिले को कुपोषण से विमुक्ति की शपथ दिलाई जा रही हैं।

### पोषण ट्रेक एप में भी दाखिल की जा रही हैं जानकारी

पोषण पखवाडा के तहत सभी आंगनबाडी केन्द्रो पर बच्चों का शारीरिक माप, लम्बाई और वजन लेकर पोषण स्तर का चिन्हांकन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी पोषण ट्रेक एप में भी दाखिल की जा रही हैं। पोषण पखवाडा अभियान के तहत आंगनबाडी केन्द्र मुरारिया के क्रमांक दो में स्थानीय मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए जन समुदाय के सहयोग से पोषण मटका का आयोजन किया गया था।

## आईपीएल : कोलकाता में दूसरी बार होगा सामना

# आज कोलकाता और गुजरात का मैच 5वीं बार आमने-सामने होंगी दोनों टीमें

**कोलकाता, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 39वें मैच में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। मैच कोलकाता के होम ग्राउंड ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमें इस सीजन में पहली बार आमने-सामने होंगी। इस सीजन गुजरात की टीम 7 मैचों में 5 जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में नंबर 1 पर मौजूद है। वहीं डिफेंडिंग चैंपियंस चयक्रका प्रदर्शन इस सीजन उतना अच्छा नहीं रहा है। कोलकाता की टीम 7 मैचों में 3 जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर है। प्लेऑफ के लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी है।

टाइटंस और नाइट राइडर्स आईपीएल में पांचवीं बार आमने-सामने होंगे। दोनों के बीच अब तक 4 आईपीएल मैच खेले गए हैं। 2 में गुजरात और 1 में कोलकाता को जीत मिली। जबकि एक मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था। दोनों टीमें नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1 बार भिड़ीं, उस मैच में चयक्रको 3 विकेट से जीत मिली।



### रहाणे चयक्रके टॉप स्कोरर

कप्तान अजिंक्य रहाणे चयक्रके टॉप स्कोरर है। उन्होंने 7 मैचों में कुल 221 रन बनाए है। उन्होंने अपने पहले मैच में ऋष्क्रके खिलाफ 31 गेंदो में 56 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी। गेंदबाजी में वरुण चक्रवती ने 7 मैचों में 10 विकेट झटके हैं। वे चयक्रके टॉप विकेट टेकर है।

### सुदर्शन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले

गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज साई सुदर्शन टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 7 मैचों में कुल 365 रन बनाए है। सुदर्शन इस सीजन में अब तक 4 हाफ सेंचुरी लगा चुके है। वे इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। वहीं गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा टॉप पर हैं। उन्होंने 7 मैचों में कुल 14 विकेट लिए है। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 30 रन देकर 3 विकेट हॉल लिया था। ईडन गार्डन्स स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रैंडली है। इस स्टेडियम में अब तक 96 आईपीएल मैच खेले जा चुके हैं। यहां पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने 40 और चेज करने वाली टीमों ने 56 मैच जीते हैं। इस स्टेडियम का हाईएस्ट टीम स्कोर 262/2 है, जो पंजाब किंग्स ने पिछले सीजन कोलकाता के खिलाफ बनाया था। 21 अप्रैल को कोलकाता का मौसम काफी गर्म रहेगा। पूरे दिन काफी तेज धूप रहेगी। बारिश की बिल्कुल भी संभावना नहीं है। इस दिन यहां का तापमान 27 से 36 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-12:** गुजरात टाइटंसः शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर, शाहरुख खान, राशिद खान, राहुल तेवतिया, अरशद खान, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड।

कोलकाता नाइट राइडर्सः अजिंक्य रहाणे (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, एनरिक नॉर्त्या, अंगकृष रघुवंशी।

## कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बने

आईपीएल के 38वें मैच में मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 9 विकेट से हरा दिया। वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई ने 5 विकेट खोकर 176 रन बनाए। मुंबई ने 16वें ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। टीम से रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव दोनों ने फिफ्टी लगाई। विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बने। रायन रिकेलटन की स्टंपिंग से शेख रशीद आउट हुए। जसप्रीत बुमराह से शिवम दुबे का कैच छूटा। आयुष म्हात्रे ष्स्थ्र के लिए आईपीएल खेलने वाले यंगेस्ट प्लेयर बने।

**मुंबई ने रिव्यू नहीं लिया, रशीद को जीवनदान:** छठे ओवर की आखिरी बॉल पर शेख रशीद को जीवनदान मिला। मिचेल सैंटनर ने ओवर की आखिरी बॉल आर्म-बॉल फेंकी जो तेजी से अंदर की ओर स्किड हुई। मुंबई ने स्ब्ब्ज्ञ की जोरदार अपील, लेकिन अंपायर ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां मुंबई इंडियंस ने रिव्यू नहीं लिया लेकिन रिप्ले में दिखा की बॉल उनके लेग स्टंप को हिट कर रही थी और रशीद को 17 रन पर जीवनदान मिला।



**रिकेलटन की स्टंपिंग से रशीद पवेलियन लौटे:** मिचेल सैंटनर के ओवर की आखिरी बॉल पर शेख रशीद स्टंपिंग आउट हो गए। आठवें ओवर में सैंटनर ने गति में हल्का बदलाव किया और रशीद को पूरी तरह से चकमा दे दिया। गेंद को हवा में उड़ाया और लेंथ को थोड़ा पीछे खींचा, रशीद आगे बढ़े लेकिन गेंद टर्न हो गई। यहां शेख का पिछला पैर क्रीज से बाहर आ गया और विकेटकीपर रिकेलटन ने तेजी से गिल्लियां बिखेर दीं।

**बुमराह से दुबे का कैच ड्रॉप हुआ:** 16वें ओवर की तीसरी बॉल पर शिवम दुबे का कैच जसप्रीत बुमराह ने छोड़ दिया। अश्विनी कुमार ने ओवर की तीसरी बॉल फुल टॉस फेंकी। शिवम दुबे ने ताकत से फाइन लेग की ओर मारा। गेंद तेजी से जा रही थी और बुमराह बाउंड्री पर मौजूद थे। उन्होंने दोनों हाथों से कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनकी पकड़ से फिसल गई और सीधे बाउंड्री के पार छक्के के लिए चली गई। दुबे को 37 रन पर जीवनदान मिला।



**मेट्रो बाजार**

## इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लगाने के लिए महिंद्रा-अडानी में करार

**मुंबई, एजेंसी**

देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बढ़ती संख्या को लेकर लगातार इस बात की मांग उठ रही है कि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए नए-नए समझौते और करार हों और इसी दिशा में एक अच्छी खबर सामने आई है। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने देश भर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए अडानी टोटल गैस की एक इकाई के साथ समझौता किया है. दिग्गज व्हीकल कंपनी ने एक बयान में बताया कि उसने अडानी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) के साथ इस बारे में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सिग्नेचर किए हैं. बयान के मुताबिक एमओयू देशभर में एक डिटेल्ड ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए एक खाका तय करता है. एमएंडएम ने कहा कि इसके अलावा इस पार्टनरशिप में रिसर्च, उपलब्धता, नेविगेशन और ट्रांजेक्शन को कवर करने वाले ग्राहकों के लिए चार्जिंग नेटवर्क तक सीमलेस पहुंच दिलाने के लिए ई-मोबिलिटी सॉल्यूशंस पेश करना भी शामिल होगा. इसमें कहा गया है कि इस सहयोग से इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सयूवी400 कस्टमर्स के पास अब 1100 से ज्यादा चार्जर तक पहुंच होगी. जानिए क्या कहते हैं एमएंडएम के शीर्ष अधिकारी एमएंडएम के व्हीकल सेगमेंट के प्रेसिडेंट विजय नाकरा ने कहा, यह गठबंधन ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने में एक आधारशिला है. यह तय करता है कि हमारे ग्राहकों को एक अद्वितीय ईवी एक्सपीरीएंस के लिए चार्जिंग नेटवर्क और डिजिटल इंटीग्रेशन तक बिना रुकावट के पहुंच का आनंद मिले।



## शहरों में मकानों की बिक्री मार्च तिमाही में 19 फीसदी घटी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

रियल एस्टेट सेक्टर में एक बार फिर मंदी की आहट सुनाई देने लगी है। ऐसा इसलिए क्योंकि घरों की बिक्री तिमाही दर तिमाही लगातार कम होती जा रही है। प्रॉपटाइगर की रिपोर्ट के अनुसार, देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में घरों की बिक्री सालाना आधार पर 19 फीसदी घटकर 98,095 इकाई रह गई। घरों की आसमान छूती कीमतें और नई परियोजनाओं की कम पेशकश इसकी मुख्य वजह रही। कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली तिमाही में हाउसिंग प्रोजेक्ट्स की नई लॉन्चिंग में भी 10 फीसदी की गिरावट आई और नई पेशरकश 93,144 यूनिट रह गई।



## मियामी ओपनः पहले दौर में केनिन को हराया

# गैरवरीय कैटी की अगले दौर में 12वीं सीड पाउलिनी से भिड़ंत



**मियामी, दोपहर मेट्रो**

अमरीका की गैरवरीय खिलाड़ी कैटी वॉलिनेट्स ने यहां खेले जा रहे मियामी ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने हमवतन सोफिया केनिन को पहले दौर के कड़े मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-3 से मात दी। जानकारी के अनुसार अब उनकी भिड़ंत इटली की 12वीं वरीय खिलाड़ी जेस्मिन पाउलिनी से होगी, जिन्हें राउंड ऑफ-64 में बाई मिली थी।

## स्विस ओपन बैडमिंटनः किरेन जॉर्ज ने जीत से किया आगाज

**बासेल, एजेंसी**

बैडमिंटन खिलाड़ी किरेन जॉर्ज ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए यहां खेले जा रहे स्विस ओपन के प्री-क्वार्टरफाइन में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुष एकल के पहले दौर में जापानी खिलाड़ी ताकुमा ओवायाशी को सीधे सेटों में 21-18 से शिकस्त दी। अब अंतिम-8 में जगह बनाने के लिए किरेन का मुकाबला फ्रांस के एलेक्स लेनियर से होगा। फ्रांसिसी खिलाड़ी ने भी पहले दौर में जापान के कोकी वाटानाबे को 22-20, 18-21, 21-19 से शिकस्त दी थी।

## विमेंस वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगा पाकिस्तान

### पीसीबी चीफ बोले- हाइब्रिड मॉडल के तहत बीसीसीआई और आईसीसी न्यूट्रल वेन्यू का करे ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान विमेंस टीम भारत में होने वाले वर्ल्ड कप 2025 में खेलने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान विमेंस टीम ने हाल ही में वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है। भारत 29 सितंबर से 26 अक्टूबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने ऐलान किया है कि उनकी महिला टीम इस साल के आखिर में होने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में हुए समझौते के तहत हाइब्रिड मॉडल का पालन करते हुए अपने मैच किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगी। दरअसल पाकिस्तान ने हाल ही में संपन्न हुए चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। टीम इंडिया राजनीतिक कारणों की वजह से पाकिस्तान में जाकर अपने मैच नहीं खेले। टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में हुए।




**हाइब्रिड मॉडल पर हुआ समझौताः** भारतीय क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनी थी, जिसके तहत भारत और पाकिस्तान के आईसीसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की स्थिति में दोनों को अपने मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने की अनुमति होगी। नकवी ने कहा कि टूर्नामेंट के मेजबान होने के नाते भारत और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद न्यूट्रल वेन्यू पर फैसला करेंगे।


**पाकिस्तान ने अपने सभी पांच मैच जीतेः** पाकिस्तान विमेंस टीम ने लाहौर में आयोजित हुए क्वालिफायर में अपने सभी पांच मैच जीते। उन्होंने आयरलैंड, स्कॉटलैंड, वेस्टइंडीज, थाईलैंड और बांग्लादेश को हराकर मुख्य दौर के लिए आसानी से क्वालीफाई किया। वहीं भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### • एक्टर रणदीप हुड्डा बोले-

## ऐश्वर्या से ज्यादा सरबजीत की बहन संग करीबी रिश्ता बना...


रणदीप हुड्डा ने 'सरबजीत' में ऐश्वर्या संग काम का एक्सपीरियंस शेयर किया है। रणदीप ने कहा कि मेकर्स ने ऐश्वर्या को फिल्म में दलबीर कौर के रोल में रियल दिखाने की कोशिश की, पर वो अनरियल थीं?। रणदीप हुड्डा ने ऐश्वर्या राय बच्चन को लेकर हैरानी वाला बयान दिया है। रणदीप हुड्डा ने ऐश्वर्या के साथ फिल्म सरबजीत में काम किया था। फिल्म में रणदीप ने सरबजीत का किरदार निभाया था और ऐश्वर्या उनकी बहन दलबीर कौर का किरदार निभाया था। सरबजीत साल 2016 में रिलीज हुई थी, और अब जाकर रणदीप ने फिल्म में ऐश्वर्या के काम और उनके साथ का एक्सपीरियंस शेयर किया है। रणदीप हुड्डा ने कहा कि मेकर्स ने फिल्म में ऐश्वर्या को रियल दिखाने की भरपूर कोशिश की, पर वह अनरियल लगीं। मालूम हो कि भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की जिंदगी पर बनी बायोपिक थी। सरबजीत को पाकिस्तान ने आतंकवादी और जासूस बताकर खूब प्रताड़ित किया था। बहन दलबीर कौर ने सरबजीत के लिए लंबी लड़ाई लड़ी और सरकार से मदद मांगी। फिल्म में सरबजीत और दलबीर के उसी दर्द को दिखाया था। रणदीप हुड्डा ने ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे से बातचीत में कहा, वह बहुत अच्छी थीं, बहुत विनम्र थीं। वह अपना काम अच्छे से करती है। हालांकि, सेट पर हमारी ज्यादा बातचीत नहीं होती थी क्योंकि मेरे बहुत सारे सीन्स उनसे अलग थे। लेकिन जब भी हम साथ में सीन करते थे, तो वह अपना काम अच्छे से करती थीं। रणदीप हुड्डा ने यह भी कहा कि सरबजीत में काम करते-करते वह ऐश्वर्या से ज्यादा दलबीर कौर के साथ जुड़ाव महसूस करने लगे थे।



### • फिल्मों की मेकिंग बहुत बड़ा पॉइंट होता है...

## अक्षय की लगातार फ्लॉप फिल्मों पर वासु बोले- पिछली फिल्मों से फर्क नहीं पड़ता...

अक्षय कुमार फिल्म केसरी -2 को लेकर चर्चा में है। वहीं प्रोड्यूसर वासु भगनानी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को लेकर पूरी तरह श्योर हैं। उन्हें अक्षय और टाइगर के रिसेंट ट्रैक रिकॉर्ड से फर्क नहीं पड़ता है। दरअसल वासु से सवाल किया गया कि क्या वो अक्षय और टाइगर के हालिया ट्रैक रिकॉर्ड को देख कर चिंतित हैं। जवाब में वासु भगनानी ने शाहरुख खान का उदाहरण दिया। वासु ने कहा कि शाहरुख की भी फिल्में पिछले कई सालों से अच्छा परफॉर्म नहीं कर रही थीं, लेकिन जब उन्होंने कम बैक किया तो इतिहास बन गया। वासु ने कहा कि अक्षय और टाइगर दोनों प्रतिभाशाली कलाकार हैं। इन दोनों एक्टर्स को उनकी फ्लॉप फिल्मों से जज करना सही नहीं है। वासु भगनानी से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के रिसेंट फेलियर पर सवाल किया गया। बॉलीवुड हंगामा से बात करते हुए उन्होंने कहा- यह सब फिल्म दर फिल्म पर निर्भर करता है। वे दोनों शानदार एक्टर्स हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यहां शाहरुख खान से बड़ा कोई उदाहरण ही नहीं है। बेचारे की 5-7 सालों से एक भी फिल्म सही से नहीं चली थी। बड़े मियां-छोटे मियां के जरिए पहली बार अक्षय और टाइगर की जोड़ी देखने को मिलेगी।



बड़े मियां-छोटे मियां के जरिए पहली बार अक्षय और टाइगर की जोड़ी देखने को मिलेगी। वासु ने कहा कि फिल्में नहीं चलतीं, इसके कसूरवार सिर्फ एक्टर्स थोड़ी होते हैं। रिलीज होने की टाइमिंग से भी फर्क पड़ता है। फिल्मों की मेकिंग कैसे हुई है, यह भी बहुत बड़ा पॉइंट होता है। वासु ने यहां अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज का जिक्र किया। उन्होंने कहा- इस फिल्म के रिलीज के दो हफ्ते बाद उत्तराखंड में एक टनल गिर गया था।

### • बीते दिनों को याद कर अभिनेत्री रानी मुखर्जी हुई भावुक

## एक्टर आमिर खान के ऑटोग्राफ के लिए स्कूल बंक किया था, आमिर ने ध्यान नहीं दिया तो टूटा दिल

गुलाम, कुछ कुछ होता है, हर दिल जो प्यार करेगा, ब्लैक जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं रानी मुखर्जी 46 साल की हो चकी हैं। 21 मार्च 1978 को जन्मीं रानी मुखर्जी एक फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखती हैं, जिनके पिता राम मुखर्जी एक जाने-माने प्रोड्यूसर थे और मां कृष्णा मुखर्जी एक सिंगर। फिल्में रानी की रगों में बसती थीं। बचपन में रानी, अमिताभ बच्चन, माधुरी दीक्षित, श्रीदेवी, आमिर खान की फैन हुआ करती थीं। एक बार तो रानी स्कूल बंक कर आमिर खान का ऑटोग्राफ लेने उनकी फिल्म के सेट पर भी पहुंची थीं। किसे पता था कि वही रानी आमिर खान के साथ फिल्म कर स्टारडम हासिल करेंगी। ये बात भी सच है कि रानी कभी फिल्मों में नहीं आना चाहती थीं, लेकिन जब पिता की बाइपास सर्जरी के बाद कमाई बंद हुई, तो उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी उठाई और मां के कहने पर फिल्मों में आ गईं। हालांकि, ये सफर उनके लिए आसान नहीं रहा। जब उन्होंने पहला स्क्रीन टेस्ट दिया, तो वो इतना खराब था कि मां ने प्रोड्यूसर से कहा था- मेरी बेटी को कास्ट मत करना। 21 मार्च 1978 को रानी मुखर्जी का जन्म मुंबई में हुआ था। रानी की मां कृष्णा मुखर्जी ने उन्हें देखा और फिर उन्हें किड्स वॉर्ड में ले जाया गया। कुछ देर बाद जब नर्स ने कृष्णा मुखर्जी को बच्ची सौंपी, तो उसे देखते ही उन्हें शक होने लगा। जैसे ही उन्होंने गौर किया तो देखा कि बच्ची की आंखें गहरी भूरी नहीं है। उन्होंने नर्स से कहा, ये मेरी बच्ची नहीं है। इस बच्ची की आंखें कथ्थई नहीं हैं, मेरी बेटी की आंखे कथ्थई हैं, जाओ उसे ढूंढ कर लाओ। वहीं दूसरी तरफ एक पंजाबी फैमिली को रानी सौंपी जा चुकी थीं। जब रानी की खोज शुरू हुई, तो पता चला कि रानी को एक पंजाबी परिवार के हवाले कर दिया गया है। रानी की मां उस वॉर्ड में गईं और बेटी को वापस ले आईं। ये कहानी रानी ने एक इंटरव्यू में सुनाई थी। रानी ने मुंबई के मानेकजी कूपर हाई स्कूल से पढ़ाई की थी। उन्हें बचपन से ही फिल्में देखने का शौक था। अमिताभ बच्चन, श्रीदेवी, माधुरी दीक्षित उनके पसंदीदा एक्टर्स हुआ करते थे। जब साल 1988 में आमिर खान की फिल्म कयामत से कयामत तक रिलीज हुई, तो देश की हर लड़की की तरह रानी मुखर्जी भी आमिर खान की फैन हो गईं। एक दिन रानी को पता चला कि आमिर खान उनके स्कूल के पास ही फिल्म लव लव लव की शूटिंग कर रहे हैं। ऐसे में रानी ने स्कूल बंक किया और फिल्म के सेट पर पहुंच गईं। अपनी ऑटोग्राफ बुक में रानी ने आमिर के लिए 'डियर आमिर' लिखा था, उन्हें लगा कि आमिर ये देखकर खुश होंगे।



# डिवाइडर से टकराकर पलट गई बस, घायल की मौत



**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम रोड पर बरकतउल्ला विश्वविद्यायल और विज्ञान भवन के बीच डिवाइडर से टकराकर बस पलट गई थी। घटना गत 16 अप्रैल की है। इस हादसे में 15 लोग को चोट आई थी। इनमें चार लोगों की हालत गंभीर थी। जिनमें एक बुजुर्ग की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार हादसा 16 अप्रेल को हुआ था। बस में 15 कर्मचारी आनंद नगर से मंडीदीप जा रहे थे। इस दौरान दोपहर करीब पौने 3 बजे के आसपास एक अन्य वाहन को ओवरटेक करते समय बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद घायलों को नजदीक ही स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान कुछ लोगों को छुट्टी दे दी गई। गंभीर चोट होने के कारण बस में सवार विक्रमादित्य शुक्ला ( 60 ) निवासी नेहरू नगर का चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। तीन दिन चले इलाज के बाद रविवार दोपहर उनकी मौत हो गई।

# चलती स्कूटर से गिरी 72 साल की महिला की मौत


**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित श्री कृष्ण राधापुरम गेट के पास चलती स्कूटर से गिरी बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। हादसे के



समय वह अपनी भतीजी के साथ स्कूटर से एम्स जाने के लिए निकली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। और क्या पुलिस के अनुसार रेवा बाई पिता स्वर्गीय भोलानाथ ( 72 ) श्री कृष्णा राधापुरम में अपनी भतीजी राधा धाकड़ के साथ रहती थी। भतीजी राधा धाकड़ के पति सेना में है और उनकी बाहर पोस्टिंग है। उम्रदराज रेवा बाई की तबियत खराब थी। उनका एम्स में इलाज चल रहा था। शनिवार सुबह उन्हें सिटी स्कैन के लिए बुलाया था। राधा उन्हें स्कूटर से लेकर एम्स जाने के लिए निकली थी। कॉलोनी के गेट से निकलते ही रेवा बाई को चक्कर आ गया और ओर वह चलती स्कूटर से गिर गई। स्कूटर से गिरने के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोट थी। राधा होने एम्स लेकर पहुंची, वहां इलाज के दौरान रेवा बाई की मौत हो गई।

# सड़क क्रास कर रहे युवक को अज्ञात कार ने मारी टक्कर

**भोपाल।** हबीबगंज थानांतर्ग जयप्रकाश अस्पताल के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने पैदल सड़क क्रास कर रहे युवक को



टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल की पत्नी की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर टक्कर मारने वाले कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सरिता कुशवाहा ( 43 ) भीमनगर अरेरा हिल्स में रहती है और मजदूरी करती है। उनके पति कमल कुशवाहा ( 45 ) जयप्रकाश अस्पताल के पास नींबू पानी का ठेला लगाते हैं। शनिवार की रात करीब आठ बजे कमल अपना ठेला बंद करने के बाद पैदल घर जाने के लिए निकले थे। जयप्रकाश अस्पताल के पास वह सड़क क्रास कर रहे थे, तभी न्यू मार्केट की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनको टक्कर मार दी। राहगीरों ने कमल को इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया था, जहां हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हमीदिया अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।

# आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने ट्रेन से कटकर दे दी जान

## हाथ पर बने नाम और टैटू से हुई पहचान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित शीतल हाइट के पीछे रेलवे ट्रैक पर बीते दिनों मिली लाश की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। परिजन से पूछताछ में पता चला की आर्थिक तंगी से परेशान होकर उसने ट्रेन से कट कर जान दी है। पुलिस ने लाश पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है।ड्यूढ्ढ आमोद शर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10ः00 बजे शीतल हाइट के पीछे रेलवे ट्रैक से एक युवक की लाश बरामद की गई थी। उसके बाएं हाथ पर राजू लिखा हुआ था और ओम का टैटू बना था। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी थी। पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही थी। इस दौरान शनिवार दोपहर मटक के परिजन मिश्रा थाने पहुंचे थे। मटक की पत्नी जमुना बाई ने बताया की उनके पति राजू उर्फ अमर सिंह पिता मोहनलाल भिलाला ( 38 ) घर से निकले थे। उसके बाद से ही घर नहीं लौटे। पुलिस ने जमुना बाई को एक दिन पहले हुई रेल कटिंग में मृतक की लाश दिखाई। हाथ पर बने टैटू, नाम और कपड़ों से जमुना बाई ने मृतक की पहचान अपने पति राजू उर्फ अमर सिंह के रूप में कर ली।

**हलवाई था मृतक:** जमुना बाई ने बताया वह गांव बावड़िया थाना नूरगंज जिला रायसेन के रहने वाले हैं। 15 अप्रैल को वह परिवार के साथ पाटीदार के मकान मिसरोद थाने के पास रहने आए थे। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। राजू 1 साल पहले हलवाई का काम करते थे,लेकिन कम कम मिलने ओर लगातार नहीं मिलने से परिवार का गुजरा नहीं हो रहा था। लिहाजा उन्होंने हलवाई का काम छोड़ दिया था। अब वह मजदूरी करने लगे थे, लेकिन मजदूरी से भी घर का गुजारा नहीं हो रहा था। गुजारा नहीं होने से वह दुखी रहने लगे थे। अनुमान है कि आर्थिक तंगी से परेशान होकर उन्होंने या कदम उठाया है।

## ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

**भोपाल।** बैरसिया इलाके में सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक वार्ड क्रमांक बारह बैरसिया निवासी विशाल बाल्मीकि अपने दोस्त राुहल अहिरवार के साथ बाइक से नरसिंह रोड की तरफ जा रहे थे। दोनों तरावली गेट के पास पहुंचे, तभी उनकी बाइक सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से जाकर टकरा गई। इस हादसे में दोनों लड़कों को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने विशाल के पिता सुनील बाल्मीकि की रिपोर्ट पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार करारिया जिला विदिशा निवासी सोनू जाटव पिछले दिनों बाइक से भोपाल आया था। रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी ससुराल ग्राम डुगंरिया जा रहा था। उसके पीछे दूसरी मोटर सायिकल पर पिता बाबूलाल जाटव भी चल रहे थे। सोनू बैरसिाय स्थित स्वामी विवेकानाम कालेज के सामने शमशाबाद रोड पर पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## डंपर को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक पर केस दर्ज

**भोपाल।** बिलखिरिया इलाके में सड़क किनारे खड़े डंपर में टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस हादसे में ट्रक के क्लीनर की मौत हो गई थी, जबकि चालक को गंभीर चोट आई थी। जानकारी के अनुसार अशोक अहिरवार (25) ग्राम हर्राखेड़ा थाना गुनगा में रहता है और डंपर चलाता है। पिछले दिनों रात करीब साढ़े बारह बजे वह ग्राम रुतुआ क्रेशर से मिक्स माल लोड कर ग्राम सलइया जा रहा था। बिलखिरिया थानांतर्गत ग्राम झागरिया पहाड़ी के पास डंपर का बायें तरफ का पहिया पंचर हो गया, तो अशोक ने सड़क किनारे डंपर खड़ा किया और ट्रक को चैक करने लगा। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने डंपर में टक्कर मार दी, जिससे डंपर क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर मारने वाला ट्रक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ और चालक तथा क्लीनर ट्रक में फंस गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ड्रायवर कैलाश और क्लीनर दिलीप सिसोदिया को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में क्लीनर दिलीप ने दम तोड़ दिया था। गंभीर रूप से घायल कैलाश का इलाज चल रहा है। टक्कर मारने वाले ट्रक में रिफायंज आयल भरा हुआ था। हादसा होते हुए आयल के कार्टून बिखर गए, जिसे लोगों ने लूटने का प्रयास किया था। पुलिस ने डंपर चालक की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है।

# चेकिंग के दौरान महिला से छेड़छाड़ करने वाला कांस्टेबल डीसीपी कार्यालय अटैच

**महिला का आरोप हेड कांस्टेबल चेकिंग पाइंट से उसके पास पहुंचा और की मारपीट**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवधपुरी तिराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे हेड कांस्टेबल द्वारा महिला से मारपीट का मामला लगातार तूल पकड़ते जा रहा है। मामले के तूल पकड़ने के बाद आनन फानन में खानापूर्ति करने हेड कांस्टेबल को थाने से डीसीपी कार्यालय अटैच कर दिया है, जबकि हेड कांस्टेबल के साथ ड्यूटी कर रहे कांस्टेबल पर निर्दोश बताते हुए उस पर कार्रवाई नहीं गई। आलाधिकारी अब हेड कांस्टेबल के खिलाफ जांच की बात कह रहे है।

महिला थाना पुलिस ने बताया कि प्रगति नगर ऋषिपुरम निवासी 33 वर्षीय महिला प्राइवेट काम करती हैं। 16 अप्रैल को वह अपने घर के समीप एक दुकान पर सामान खरीदने गई थी। दुकान के सामने अपनी उसने स्कूटी खड़ी की और खरीदारी करने लगीं। इस दौरान कॉलोनी के तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे अवधपुरी थाने के प्रधान आरक्षक अतुल चौकसे और कांस्टेबल जितेन्द्र पहुंचे। वह




महिला की गाड़ी के दस्तावेज मांगने लगे। उन्होंने बताया कि दस्तावेज घर में रखे हैं। इस पर अतुल चौकसे महिला को धमकाने लगा कि गाड़ी कोर्ट से छुड़ा लेना। वह अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा तो महिला ने विरोध किया। इस दौरान अतुल चौकसे ने उनके चरित्र पर सवाल उठाते हुए गालीगलौज शुरू कर दी। महिला ने गालीगलौज करने से मना किया तो अतुल चौकसे ने उससे मारपीट शुरू कर दी। युवती के कान-मुंह से खून बहने लगा। यह देख दोनों भागने लगे। महिला ने दोनों ने वीडियो भी बनाया। धमकी दी कि थाने में शिकायत करने गई तो वायरल कर देंगे।

## बाइक सवार को कुचलने वाले अज्ञात वाहन चालक पर केस

**भोपाल।** बैरसिया इलाके में बाइक सवार युवक को कुचलने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। हालांकि घटना के कई दिन बाद भी वाहन का कुछ पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार काशीराम सेहरिया पुत्र गजाधर सेहरिया (40) मूलतः ग्राम उकावत थाना मकसूदनगढ़ जिला गुना का रहने वाला था। बीती चार अप्रैल को वह ईंटखेड़ी भोपाल में रहने वाली अपनी बहन के घर जाने के लिए निकला था। शाम करीब सात बजे बैरसिया स्थित विद्या विहार स्कूल और नरेला पेट्रोल पंप के बीच किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल काशीराम को इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी।

# बस चालक से मारपीट व नुकीले हथियार से हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग फरहत अफ्जा में तीन आरोपियों ने बस ड्राइवर से मारपीट करते हुए उस पर नुकेले हथियार से हमला कर दिया। हमला होने से उसे कान के पास चोट आई है। पुलिस ने ड्राइवर की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सलमान उर्फ भूरा, बाग फरहत अफ्जा में बड़ी मस्जिद के पास रहता है और भारत टाकीज से मंडीदीप तक बस चलाता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 18 अप्रैल की रात करीब साढ़े 11 बजे प्रभात चौराहा पर वह अपने साथी जुनेद के साथ बैठा था। इस दौरान उसके पास शहंशाह, मुजीब और समीर पहुंचे। तीनों ने उससे गाली गलौच की। इसके बाद सलमान



घर आ गया। कुछ देर बाद रात लगभग सवा 12 बजे मुजीब, शहंशाह और समीर उसके घर के सामने पहुंच गए और गालीगलौज करने लगे। वह घर से बाहर आया और गाली गलौच करने से मना किया तो शहंशाह व समीर ने उसके साथ हाथ-मुक्को से मारपीट कर दी। इसी बीच मुजीब ने किसी नुकीली चीज से उसके बाएं कान पर हमला कर दिया। हमला होने से खून निकलने लगा। विवाद की आवाज सुनकर उसके पिता रईस, पत्नी शबाना व मोहल्ले वालो ने आकर बीच बचाव किया।

## पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

भोपाल। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित शैडो वाली मस्जिद के पास बीती रात तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक के सिर में चाकू लगने से उसे गंभीर चोट आई है। हमले की वजह पुरानी रंगीन बताई जा रही है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास रास्ता रोकने समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार सोहेल मेवाती पिता शाकिर खान (26) अब्बू कलाम का मकान शैडो वाली मस्जिद के पास अशोका गार्डन में रहता है और प्राइवेट काम करता है। बाइक रोककर सिर पर मारा चाकू उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया शनिवार रात वह बाइक से अपने घर लौट रहा था, तभी शाहरुख की चाय की दुकान के पास रात करीब 11ः30 बजे हकीब बच्चा अमन बच्चा और अन्नू बच्चा मिल गए।

**मेट्रो एंकर** अब तक 14 ने दर्ज कराई शिकायत बढ़ सकते हैं और भी फरियादी

# छात्रावास में नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर ठग ने लगाया 12 लाख का चूना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

श्यामला हिल्स पुलिस ने आदिवासी छात्रावास समेत अन्य सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले जालसाज पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। अब तक 14 लोग उसके खिलाफ शिकायत कर चुके हैं। पुलिस ने इनमें से एक फरियादी की शिकायत पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी ने अपने घर के पांच लोगों की नौकरी के लिए आरोपी को 12 लाख रुपए दिए थे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अमराई परिसर बाग सेवनिया निवासी रमेश विसंगरे ( 47 ) ने शिकायती




आवेदन देते हुए बताया कि उन्होंने नवंबर 2023 में अपने बेटे व परिवार के करीबी रिश्तेदारों की नौकरी के लिए आलोम बामने को 12 लाख रुपए अलग-अलग समय पर दिए थे। आरोपी ने दूरदर्शन केन्द्र के पास आदिवासी हॉस्टल में चपरासी व कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य पदों पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। हॉस्टल में आरोपी की पत्नी इंचार्ज है।

पत्नी के मिलने के दौरान ही लोगों से उसकी मुलाकात हुई और अधिकारियों व नेताओं से संबंध होने का झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

### पत्नी ने भी कराई शिकायत

पुलिस ने बताया कि आरोपी आलोक बामने की पत्नी ने भी शिकायती आवेदन दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पत्नी के खाते से भी बिना अनुमति लाखों रुपए निकाल लिए हैं। पुलिस के पास अब तक कुल 14 शिकायती आवेदन आ चुके हैं। आरोपी नेताओं व अधिकारियों से संबंध होने का झांसा देकर लोगों से पैसा ऐंठता था। कई बार उसने नेताओं से बात भी कराई थी। पुलिस का अनुमान है कि खुलासा होने के बाद और भी कई लोग शिकायत लेकर थाने आ सकते हैं।

# नाबालिग को नग्न कर चप्पल व बेल्ट से पीटने वाले गिरफ्तार

**गौतम नगर पुलिस ने दर्ज की थी एफआईआर, केस डायरी मिलने के बाद एमपी नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमपी नगर जोन टू में साढ़े 16 साल के नाबालिग का अपहरण कर उसे बिलखिरिया अजनाल डैम ले जाकर मारपीट करने वाले सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी उसे गत 21 मार्च को अगवा कर ले गए थे और नग्न कर बेल्ट और चप्पल से पीटा था। इस दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो भी बनाया था। पुलिस के अनुसार विगत 21 मार्च 2025 को एमपी नगर चेतक ब्रिज के पास कॉफी शॉप के पास से नारियलखेड़ा थाना गौतम नगर निवासी साढ़े 16



साल किशोर को अगवा कर लिया गया। बदमाश उसे बिलखिरिया स्थित अजनाल डैम लेकर पहुंचे और वहां उसे नग्न कर पीटते हुए वीडियो बना लिया। आरोपियों ने उसे धमकी दी थी कि यदि पुलिस से शिकायत की तो जान से खत्म कर देंगे और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। आरोपियों ने गत दिनों नाबालिग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने की जानकारी मिलते ही परिजन उसे गौतम नगर थाना लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। गौतम नगर पुलिस ने उक्त मामले में अगवा कर मारपीट करने, आईटी एक्ट समेत पॉक्सो एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर एमपी नगर पुलिस को केस डायरी सौंप दी थी। एमपी नगर पुलिस ने फरियादी के बताए अनुसार और वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपी अरहम उर्फ अजीम ( 21 ) ईटखेड़ी, शान उर्फ उमान उर्फ डीसेंट ( 18 ) निवासी शाहजहांनाबाद, शानू उर्फ आशिम ( 40 ) कोकता

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022